रोहतक
मंगलवार 23 जून 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, नवमी वर्ष : 30, अंक : 139
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

मौसम हरियाणा
अधि. 39.1°C
न्यून. 21.5°C

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## दीवार तोड़कर चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन



हादसा इतना भयावह था कि मौके पर मौजूद लोग भी भावुक हो गए। कई बच्चों को घायल अवस्था में बाहर निकाला गया। राहत और बचाव कार्य के दौरान आसपास के लोगों ने भी अपनी जान जोखिम में डालकर छात्रों को सुरक्षित निकालने का प्रयास किया। बगल के मकान की छत से कोचिंग सेंटर की दीवार तोड़कर अंदर फंसे लोगों तक पहुंचने की कोशिश की गई।

### लखनऊ में कोचिंग सेंटर में आग

# 15 जिंदा जले

# जान बचाने के लिए बाथरूम में छिपे, कुछ पहली मंजिल से कूदे

*जिस बिल्डिंग में आग लगी, वह अलीगंज इलाके में है। बेसमेंट, ग्राउंड और पहले फ्लोर पर पेट शॉप और क्लीनिक है। दूसरे फ्लोर पर लर्निंग स्पेस नाम की लाइब्रेरी (कोचिंग) और हेड हॉपर स्टूडियो है, जिसमें 3डी आर्ट प्रोडक्शन और गेम एसेट आउटसोर्सिंग का काम होता है। बेसमेंट में एसी में शॉर्ट सर्किट से लगी आग ऊपरी मंजिलों तक पहुंच गई।*

- एसी का कंप्रेशर फटा भड़क गई आग
- 3 मंजिला इमारत के वेयरहाउस में हुआ भीषण हादसा
- दूसरी और तीसरी मंजिल पर एनीमेशन की कोचिंग ले रहे कई छात्र फंसे
- अफरा-तफरी मची भागने का मौका तक नहीं मिला
- 5-6 बिल्डिंग से कूदे नीचे ग्रिल पर गिरे गंभीर घायल

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ में सोमवार दोपहर 2:15 बजे एक दो मंजिला बिल्डिंग में आग लग गई। हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई है। इनमें ज्यादा स्टूडेंट्स हैं। दूसरे फ्लोर पर चल रही कोचिंग में छात्रों ने खुद को बाथरूम में बंद कर लिया था। एक बच्चे ने पहले फ्लोर से कूद कर जान बचाई। लेकिन वह नीचे ग्रिल पर गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। एक हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म आग बुझाने में लगी है। एसटीआरएफ और एनडीआरएफ भी पहुंची है। फायरकर्मियों ने बिल्डिंग की पीछे की दीवार को तोड़ा है, जिसके जरिए शवों को बाहर निकाला जा रहा है। एम्बुलेंस कम पड़ गई हैं। मीडिया से बात करते-करते डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक रो पड़े। उन्होंने कहा- मैंने अपनी आंखों के सामने लाशों को निकलते देखा है। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद मौके पर पहुंचे हैं। सीएम योगी अलीगढ़ का दौरा बीच में छोड़कर लखनऊ लौट गए।



### पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदनाएं



लखनऊ में आग लगने की घटना में हुई मौतों से बहुत दुख हुआ। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। घायल जल्द से जल्द ठीक हों। बचाव कार्य चल रहा है और अधिकारी हर संभव मदद पहुंचा रहे हैं। प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे।
*- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री*

#### यह बड़ी जनहानी



लखनऊ में अग्नि दुर्घटना में हुई जनहानि दुखद और हृदयविदारक है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।
*- योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री*

#### हृदयविदारक घटना



लखनऊ में आग लगने की घटना में कई लोगों ने अपनी जान गंवा दी। यह हृदयविदारक घटना है। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। बचाव कार्य चल रहा है और अधिकारी हर संभव मदद पहुंचा रहे है। मैं हादसे के घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। -नायब सैनी, मुख्यमंत्री

**बड़ा सवाल : 40 मिनट बाद पहुंची दमकल**
आसपास के लोगों में घटना को लेकर काफी आक्रोश था। उनका कहना था कि हादसे के करीब 40 मिनट बाद दमकल की टीम पहुंची। तब तक आग पूरी बिल्डिंग को चपेट में ले चुकी थी। जब आग पर काबू पाया गया, तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था। राजधानी में दमकल के इतनी देर से पहुंचने पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**अवैध बिल्डिंग: निकलने का दूसरा रास्ता नहीं**
बिल्डिंग से बाहर निकलने का दूसरा रास्ता तक नहीं था। तीनों तरफ अन्य इमारतें बनी हैं। स्पष्ट है कि बिल्डिंग अवैध है। यही वजह है कि आग लगने पर वहां फंसे लोगों को बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं मिला। वहां फंसे पांच-छह लोग किसी तरह खिड़की का कांच तोड़कर बाहर निकले।

**बिलखते रहे बच्चे : दोस्तों को लगाते रहे आवाज**
हादसे से बचकर निकले एक छात्र ने बताया कि अचानक क्लासरूम में धुआं भरने लगा। सांस लेना मुश्किल हो गया था। सभी बच्चे इधर-उधर भाग रहे थे। कुछ साथी बाथरूम की तरफ दौड़े, जबकि कई खिड़कियों और सीढ़ियों की ओर भागने लगे। बाहर निकलने के बाद भी कई बच्चे अपने दोस्तों के बारे में पूछते हुए रोते नजर आए।

**दौरा रद्द किया : घायलों से मिले सीएम योगी**
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दौरा रद्द कर लखनऊ के एनिमेशन सेंटर में हुए अग्निकांड के घायलों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने अलीगंज कोचिंग सेंटर आग की घटना में मृतकों के परिवारों को पांच लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की। घायलों को पचास हजार रुपये की आर्थिक मदद मिलेगी।

*उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक रो पड़े, बोले मेरी आंखों के सामने से लाशें निकलीं*

●

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने घटनास्थल का दौरा कर हालात का जायजा लिया*

---

### खबर संक्षेप

#### कुणाल शाह वॉट्सएप के नए ग्लोबल हेड बने



**नई दिल्ली।** फेसबुक और इंस्टाग्राम की पैरेंट कंपनी मेटा ने क्रेड एप के फाउंडर कुणाल शाह को वॉट्सएप का नया ग्लोबल हेड बनाया है। वे विल कैथकार्ट की जगह लेंगे, जो 7 साल से वॉट्सएप की कमान संभाल रहे थे। कैथकार्ट अब मेटा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (से जुड़े नए प्रोजेक्ट्स पर काम करेंगे। मार्क जुकरबर्ग ने यह जानकारी दी।

#### महाकाल : भस्म आरती में वीआईपी कल्चर पर 'रोक'



**उज्जैन।** बाबा महाकाल की विश्व प्रसिद्ध भस्म आरती की बुकिंग में वीआईपी कल्चर और धांधली रोकने के लिए मंदिर समिति ने कड़ा कदम उठाया है। नए नियम के तहत अब कोई भी श्रद्धालु एक मोबाइल नंबर या पहचान पत्र से तीन महीने (90 दिन) में केवल एक बार ही भस्म आरती की अनुमति ले सकेगा। पाबंदी आम भक्तों के साथ-साथ प्रोटोकॉल (वीआईपी) से आने वाले लोगों पर भी समान रूप से लागू होगी। *एजेंसी*

#### बागी विधायकों ने ममता को अध्यक्ष पद से हटाया

**कोलकाता।** बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के बागी गुट ने ममता बनर्जी को तृणमूल चेयरपर्सन के पद से हटा दिया है। उनकी जगह हावड़ा सेंट्रल के विधायक अरूप रॉय को नया चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, रिताब्रता बनर्जी और अन्य लोगों के नेतृत्व वाले 'असली तृणमूल' गुट ने अभिषेक बनर्जी को पार्टी के 'ऑल इंडिया जनरल सेक्रेटरी' के पद से सस्पेंड कर दिया है। तृणमूल के बागी विधायकों ने होटल में बैठक की। इसमें तृणमूल के 60 विधायक शामिल हुए।
*(विस्तृत पेज-5 पर)*

## कतर के सबसे बड़े गैस प्लांट में विस्फोट
## 12 भारतीयों की मौत, 66 अन्य घायल

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच हुए शांति समझौते के बीच कतर से भारत के लिए एक चिंताजनक खबर सामने आई है। जिसमें यह जानकारी मिली है कि वहां के रास लफान औद्योगिक क्षेत्र में स्थित बरजान गैस सुविधा में बीते रविवार रात हुए एक भीषण विस्फोट में 12 भारतीयों और पाकिस्तानी श्रमिकों की दुखद मौत हो गई है। जबकि 66 लोग घायल हैं और लापता होने वालों की संख्या 18 है। मामले को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कतर स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीयों के साथ मुश्किल की इस घड़ी में मजबूती के साथ खड़े होने और उन्हें हर संभव जरूरी सहायता प्रदान करने के लिए कुछ हेल्पलाइन नंबरों के साथ ईमेल का पता जारी किया है।

**भारतीय दूतावास ने कहा कि हम संपर्क में हैं घायलों की मदद की जाएगी**

#### अमेरिका ने ईरान के तेल बेचने पर प्रतिबंध हटाया, भारत खरीद सकेगा

**तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका ने ईरान के तेल और पेट्रोकेमिकल उत्पादों की बिक्री पर लगी पाबंदियों में 60 दिन की ढील दे दी है। यह फैसला स्विट्जरलैंड में दोनों देशों के बीच हुई बातचीत के बाद लिया गया है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने ईरानी मूल के कच्चे तेल, पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल उत्पादों के उत्पादन, डिलीवरी और बिक्री के लिए अस्थायी सामान्य लाइसेंस जारी किया है। यह छूट 21 अगस्त तक लागू रहेगी। भारत भी ईरानी तेल खरीद सकेगा।

### 100 से ज्यादा सांसदों के विरोध के बाद फैसला
## ब्रिटिश प्रधानमंत्री स्टार्मर ने दिया पद से इस्तीफा



10 साल में कार्यकाल पूरा होने से पहले पद छोड़ने वाले पांचवें पीएम

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने सोमवार को प्रधानमंत्री और लेबर पार्टी के नेता पद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लेबर पार्टी को नहीं लगता कि मैं अगले चुनाव में नेतृत्व करने के लिए सही व्यक्ति हूं। लेबर पार्टी के 400 सांसदों में से 100 से ज्यादा सांसदों ने अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। स्टार्मर पिछले 10 साल में कार्यकाल पूरा होने से पहले पद छोड़ने वाले पांचवें प्रधानमंत्री होंगे।

### *कैबिनेट : सीएम सैनी की अध्यक्षता में 14 एजेंडों को मंजूरी*
## टीचर ट्रांसफर पॉलिसी को मंजूरी ईवी खरीद पर वाहन कर में छूट

- आयु व अनुभव के होंगे 25-25% वेटेज
- नर्सरी में बिकने वाली पौध का क्यूआर कोड होगा
- स्लॉटर हाउस को नहीं लेना होगा लाइसेंस

**चंडीगढ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में 15 एजेंडे रखे गए, जिनमें 14 की मंजूरी मिली। मुख्यमंत्री ने बताया कि मॉडल आनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी और टीचर्स आनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी की मंजूरी दी गई है। नई नीतियों के तहत ट्रांसफर के लिए कर्मचारियों की रैंकिंग एक नए 120 पॉइंट वाले कंपोजिट स्कोरिंग फ्रेमवर्क से तय की जाएगी। नई नीति में आयु को 25 प्रतिशत, कैडर में अनुभव को 25 प्रतिशत और अन्य फैक्टर को 50 प्रतिशत वेटेज दिया गया है। पति-पत्नी मामलों में मेरिट अंक 5 से बढ़कर 10 करने के प्रस्ताव को स्वीकृति भी प्रदान की गई है। इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों की खरीद पर मोटर वाहन कर में 100% छूट मिलेगी।



#### *इन फैसलों पर भी मुहर*

- मंत्रिमंडल ने दयालु 1 योजना में महत्वपूर्ण संशोधन को मंजूरी दी। इसमें क्लेम प्रस्तुत करने की समय सीमा 3 महीने से बढ़ा कर अब 6 महीने कर दी गई है।
- एनसीआर जिलों में बीएस-4 या उससे पुराने मानकों वाले पुराने ट्रकों और बसों को बदलने पर मोटर वाहन कर में छूट के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। नए बीएस-6 या उससे कड़े मानकों वाले इलेक्ट्रिक व्हीकल, सीएनजी ट्रकों व बसों की खरीद पर पात्र लाभार्थियों को 100% मोटर वाहन कर में छूट दी जाएगी।
- हरियाणा बागवानी नर्सरी नियम 2026 को भी मंजूरी दी है। अब नर्सरियों द्वारा बेची जाने वाली पौध सामग्री पर कोड आधारित ट्रेसबिलिटी सुनिश्चित की जाएगी।
- अब स्लॉटर हाउस और मीट की दुकानों को नगर पालिका/ नगर निगम से अलग व्यापार लाइसेंस लेने की आवश्यकता नहीं होगी। इस फैसले से दोहरी लाइसेंस की व्यवस्था समाप्त होगी।
- हरियाणा राज्य महिला आयोग अध्यादेश में संसोधन को मंजूरी दी गई है। आयोग में गैर सरकारी सदस्यों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत गैर सरकारी सदस्यों की संख्या 5 से बढ़ाकर 7 कर दी गई है।
- जल प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े कानून को प्रभावी आधुनिक और व्यवहारी बनाया जाएगा। इस संशोधन इज ऑफ डूइंग बिजनेस इज आफ लिविंग और भरोसे पर आधारित सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- सरकार ने शामलात भूमि 2026 निति को मंजूरी दी है। इसके तहत आवेदकों को समय पर राहत देने के लिए मामलों की स्वीकृति देने का अधिकार संबंधित जिला उपायुक्त को दिया गया है। इससे पहले ये अधिकार डायरेक्टर को होता था।

## भारत से ब्रह्मोस मिसाइल और आकाशतीर खरीद सकता है यूएई

**तनाव के बीच दुनिया में बढ़ी भारतीय हथियारों की डिमांड**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और यूएई के बीच रक्षा क्षेत्र में नई बातचीत शुरू हुई है। रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, यूएई भारत की ब्रह्मोस मिसाइल और आकाशतीर एयर डिफेंस सिस्टम खरीद सकता है। इस संबंध में दोनों देशों के बीच शुरुआती चर्चा चल रही है। ब्रह्मोस दुनिया की सबसे तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों में शामिल है। इसे भारत और रूस ने मिलकर बनाया किया है। यह मिसाइल जमीन, समुद्र और फाइटर जेट से दागी जा सकती है। हालांकि यह भारत-रूस का जॉइंट प्रोजेक्ट है, इसलिए इसके निर्यात के लिए रूस की मंजूरी जरूरी होती है। सूत्रों का कहना है कि इस मामले में किसी बड़ी रुकावट की संभावना नहीं है।

## ट्रेन में प्रतिबंधित सामान ले जाने पर 10 हजार जुर्माना

**रेलवे ने बदला नियम ● सुरक्षा और संरक्षा बढ़ाने के प्रयासों के तहत उठाया कदम**

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने नए दंड नियम 2026 के तहत यात्रियों की सुरक्षा और संरक्षा बढ़ाने के प्रयासों के तहत ट्रेनों में प्रतिबंधित या आपत्तिजनक सामान ले जाने पर जुर्माना राशि को बढ़ा दिया है। नए जन विश्वास अधिनियम 2026 के प्रावधानों के तहत, धारा 165 के तहत आने वाले अपराधों के लिए, ट्रेनों में आपत्तिजनक या प्रतिबंधित वस्तुओं को लाने या पहुंचाने पर न्यूनतम 10000 रुपये का जुर्माना तय किया गया है। जुर्माना न भरने पर एक साल की कैद या न्यूनतम 10,000 रुपये का जुर्माना या दोनों का प्रावधान किया गया है। पहले, उल्लंघन करने पर तीन साल की कैद, 1000 रुपये तक का जुर्माना या दोनों का सामना करना पड़ सकता था। रेलवे के मुताबिक, कोई भी व्यक्ति आग लगने की संभावना के कारण यात्री कोच में स्टोव, गैस सिलेंडर, केरोसिन तेल, पेट्रोल, आतिशबाजी, चुनावी पोस्टर, माचिस, सिगरेट, धारदार हथियार, बंदूक आदि जैसी चीजें नहीं ले जा सकता है।

### कुल 18 गोल ठोके, अर्जेंटीना ने ऑस्ट्रिया को 2-0 से हराया
## रचा इतिहास : 38 साल के मेसी वर्ल्ड कप के टॉप स्कोरर

**अर्लिंगटन (अमेरिका) (भाषा)।** अर्जेंटीना के 38 वर्षीय दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने सोमवार को फुटबॉल विश्व कप में सबसे ज्यादा गोल दागने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। मेसी ने ऑस्ट्रिया के खिलाफ मैच के 40वें मिनट में 17वां गोल दागकर इतिहास रच दिया। उन्होंने यह उपलब्धि ऑस्ट्रिया के खिलाफ मुकाबले में पेनाल्टी किक में गोल दागने में असफल होने के लगभग आधे घंटे बाद हासिल की। मैच का दूसरा गोल भी मेसी ने ही किया। इस तरह उनके वर्ल्ड कप में 18 गोल हो गए हैं। अर्जेंटीना ने ऑस्ट्रिया को 2-0 से हराकर मुकाबला जीत लिया। यह मेसी का लगातार छठा विश्व कप मुकाबला है, जिसमें मेस्सी गोल करने में सफल रहे हैं। इससे पहले, मेस्सी ने कंसास सिटी में पिछले मंगलवार को अल्जीरिया के खिलाफ खेले गए ग्रुप-जे के शुरुआती मुकाबले के दौरान टूर्नामेंट में अपनी पहली हैट्रिक लगाकर विश्व कप में सबसे ज्यादा 16 गोल दागने के जर्मनी के स्ट्राइकर मिरोस्लाव क्लोज के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली थी। मेस्सी के पास ऑस्ट्रिया के खिलाफ मैच के नौवें मिनट में ही विश्व कप में सबसे ज्यादा 17 गोल दागने का रिकॉर्ड बनाने का मौका था। हालांकि, वह पेनाल्टी किक में गोल दागने में चूक गए। मेस्सी अपने करियर का छठा फुटबॉल विश्व कप खेल रहे हैं। सोमवार का मुकाबला उनके करियर का 28वां विश्व कप मुकाबला था, जो एक फीफा रिकॉर्ड है।



*जर्मनी के मिरोस्लाव क्लोज का रिकॉर्ड तोड़ा अर्जेंटीना की तरफ से वर्ल्ड कप के सभी पांचों गोल मेसी ने दागे, पिछले मैच में अल्जीरिया के खिलाफ लगाई थी हैट्रिक*

#### मेसी के नाम कई रिकॉर्ड

- ▶▶ ऑस्ट्रिया के खिलाफ गोल के साथ मेसी ने वर्ल्डकप में लगातार 6 मैचों में गोल करने की बराबरी कर ली। इससे पहले फ्रांस के जस्ट फोंटेन और ब्राजील के जायरजिन्हो ने यह उपलब्धि हासिल की थी।
- ▶▶ मेसी वर्ल्ड कप इतिहास में 28 मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी हैं। वह अपने रिकॉर्ड छठे वर्ल्ड कप में खेल रहे हैं।
- ▶▶ मेसी के नाम वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा 12 मैन ऑफ द मैच जीतने का रिकॉर्ड भी है।
- ▶▶ ऑस्ट्रिया के खिलाफ 2 गोल दागने के बाद उनके वर्ल्डकप में कुल 18 गोल हो गए हैं। इसके साथ ही वह गोल्डन बूट की रेस में भी सबसे आगे पहुंच गए।
- ▶▶ मेसी ने यह रिकॉर्ड अपने 39वें जन्मदिन से दो दिन पहले बनाया। उन्होंने ऑस्ट्रिया के खिलाफ मैच में 38वें मिनट में गोल दागा।

## राम मंदिर का चढ़ावा गिनने वाले 40 कर्मचारी हटाए

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा गिनने वाले 40 कर्मचारियों को सोमवार को हटा दिया गया। सूत्रों के मुताबिक, उनकी जगह दूसरे कर्मचारियों को ड्यूटी में लगाया गया है। हटाए गए कर्मचारियों को दूसरी जगह ड्यूटी पर लगाया गया है। इसके अलावा, गणनास्थल पर 3 सीसीटीवी बढ़ाए गए हैं। अब सीसीटीवी की संख्या 4 हो गई है। इधर, धर्म सेना के अध्यक्ष संतोष दुबे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेटर लिखा है। उन्होंने राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भंग करने की मांग की है। चढ़ावा चोरी की जांच कर रही स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शुरुआती रिपोर्ट सौंप सकती है। एसआईटी ने जिन लोगों से पूछताछ की, उन्हें अगले आदेश तक अयोध्या से बाहर न जाने की चेतावनी दी गई है।

**एसआईटी सीएम योगी को सौंपेगी शुरुआती जांच रिपोर्ट**

#### अयोध्या से बाहर न जाने की चेतावनी

एसआईटी ने जिन लोगों से पूछताछ की, उन्हें अगले आदेश तक अयोध्या से बाहर न जाने की चेतावनी दी गई है। इनमें ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी अनिल मिश्रा और मंदिर निर्माण प्रभारी गोपाल राव भी शामिल हैं। हालांकि, सूत्रों से पता चला है कि गोपाल राव अयोध्या छोड़कर कर्नाटक चले गए हैं। अभी यह साफ नहीं है कि उन्होंने एसआईटी को अयोध्या छोड़ने के बारे में बताया या नहीं।

## खबर संक्षेप

### पेंशन मामलों में लापरवाही पर सख्त हुई सरकार

चंडीगढ़। पेंशन संबंधी मामलों की अदालतों में प्रभावी पैरवी नहीं होने पर हरियाणा सरकार ने सभी विभागों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। वित्त विभाग ने प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, मंडल आयुक्तों और उपायुक्तों को कहा है कि पेंशन मामलों में जवाब दाखिल करते समय निर्धारित प्रक्रिया का कड़ाई से पालन किया जाए। प्रधान महालेखाकार द्वारा उठाई गई आपत्तियों के बाद जारी निर्देशों में कहा गया है कि कई विभाग संयुक्त लिखित जवाब दाखिल करने संबंधी पुराने निर्देशों का पालन नहीं कर रहे, जिससे अदालतों में सरकारी पक्ष की दलीलों में असंगति पैदा हो रही है और प्रतिकूल फैसले आ रहे हैं।

### आईआईटी के सहयोग से पंचकूला बनेगा उत्कृष्टता का केंद्र

चंडीगढ़। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रोपड़ और राज्य अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (एसआईईटी) पंचकूला के बीच शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य दोनों संस्थानों के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना तथा विद्यार्थियों और फैकल्टी को बेहतर अकादमिक अवसर उपलब्ध कराना है।

### हरियाणा साहित्य पुरस्कार समारोह कल

पंचकूला। हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी द्वारा 24 जून को सुबह 11 बजे सेक्टर-14 स्थित महाराजा दाहिर सेन सभागार में हरियाणा साहित्य पुरस्कार समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और हिंदी एवं हरियाणवी पुस्तक पुरस्कार तथा कहानी प्रतियोगिता के विजेता लेखकों को सम्मानित करेंगे। अकादमी के कार्यकारी उपाध्यक्ष डॉ. कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे, जबकि यमुनानगर के विधायक विशिष्ट अतिथि होंगे। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### हर विधानसभा क्षेत्र से तैयार होगा विकसित हरियाणा-2047 का रोडमैप : मुख्यमंत्री

# विधायकों के साथ चिंतन बैठक, जुलाई से जनसंवाद के जरिए जुटाए जाएंगे सुझाव

**विभागवार लक्ष्य तय होंगे और डैशबोर्ड मॉनिटरिंग होगी लागू : नायब सिंह**



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने के लिए हरियाणा सरकार ने विकसित हरियाणा-2047 अभियान शुरू किया है। इसकी थीम मेरी विकसित विधानसभा रखी गई है, जिसके तहत प्रदेश का प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र विकास की आधारशिला बनेगा। सोमवार को हरियाणा आवास में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश को समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित राज्य बनाने के लिए अगले 20 वर्षों का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। इसके लिए सभी विधायकों के साथ विकसित हरियाणा-2047 विषय पर चिंतन बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र का 'विजन चैंपियन' बनकर स्थानीय समस्याओं, संभावनाओं और विकास की प्राथमिकताओं के आधार पर कार्ययोजना तैयार करेगा।

### एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने वर्ष 2047 तक हरियाणा की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर से अधिक पहुंचाने, प्रति व्यक्ति वार्षिक आय 40 लाख रुपये से ऊपर ले जाने, महिला श्रम भागीदारी 45 प्रतिशत से अधिक करने और महिला साक्षरता को 100 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। इसके साथ ही प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं और हर घर तक पाइप के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि मेरी विकसित विधानसभा अभियान के तहत जुलाई और अगस्त में विधायक अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर गांवों, वार्डों, किसानों, युवाओं, महिलाओं, उद्योगों, स्वयं सहायता समूहों और सामाजिक संगठनों से सुझाव लेंगे। इन सुझावों के आधार पर जनभागीदारी से विकसित हरियाणा का रोडमैप तैयार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल किसी एक सरकार या कार्यकाल तक सीमित नहीं है, बल्कि वर्ष 2047 तक हरियाणा के भविष्य की दीर्घकालिक कार्ययोजना है। विकसित हरियाणा-2047 के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सभी विभागों के वार्षिक लक्ष्य तय किए जाएंगे, उनकी नियमित समीक्षा होगी और डैशबोर्ड आधारित मॉनिटरिंग प्रणाली लागू की जाएगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की प्रगति की समीक्षा वे स्वयं करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि विकसित हरियाणा, विकसित भारत की प्राणशक्ति बनेगा। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### रोजगार क्षमता को 95% तक पहुंचाने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा एवं कौशल विकास, स्वास्थ्य एवं पोषण तथा जल, स्वच्छता और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सरकार का लक्ष्य प्रत्येक बेटी को शिक्षित, प्रत्येक युवा को कुशल और प्रत्येक हाथ को रोजगार उपलब्ध कराना है। रोजगार क्षमता को 95 प्रतिशत तक पहुंचाने और आईटीआई, पॉलीटेक्निक व कॉलेजों को उद्योगों से जोड़ने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा।

### नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी 70% होगी

उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य क्षेत्र में मातृ मृत्यु दर को 10 से कम और शिशु मृत्यु दर को 5 से कम करने, 100 प्रतिशत टीकाकरण और संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने, हर घर तक सुरक्षित पेयजल पहुंचाने तथा नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से अधिक करने का संकल्प लिया गया है। अन्य लक्ष्यों को लेकर सरकार तेजी से कार्य करेगी।

# प्रदेश में मेट्रो और नमो भारत परियोजनाओं ने पकड़ी रफ्तार



■ एचएमआरटीसी ने पांच माह में 9.18 करोड़ रुपये का अधिशेष कमाया

चंडीगढ़। हरियाणा में एकीकृत मेट्रो और नमो भारत परिवहन नेटवर्क विकसित करने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। इसी क्रम में हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ने वर्ष 2026 के पहले पांच महीनों में उल्लेखनीय वित्तीय सुधार दर्ज करते हुए 9.18 करोड़ रुपये का अधिशेष अर्जित किया है। पिछले वर्ष इसी अवधि में निगम को 1.98 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। मुख्य सचिव एवं एचएमआरटीसी के अध्यक्ष अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में हुई 65वीं बोर्ड बैठक में बताया गया कि जनवरी से मई 2026 के दौरान निगम की कुल आय 47 प्रतिशत बढ़कर 35 करोड़ रुपये पहुंच गई, जबकि पिछले वर्ष यह 23.76 करोड़ रुपये थी। गैर-किराया राजस्व 6.42 करोड़ रुपये से बढ़कर 16.16 करोड़ रुपये हो गया। विज्ञापन अधिकारों की ई-नीलामी, मेट्रो परिसंपत्तियों के व्यावसायिक उपयोग और स्टेशन आधारित गतिविधियों से आय में बढ़ोतरी हुई है। वहीं, खर्च पर नियंत्रण बनाए रखते हुए कुल व्यय लगभग स्थिर रखा गया। एचएमआरटीसी के प्रबंध निदेशक चंद्रशेखर खरे ने बैठक में विस्तृत ब्योरा रखा।

# नगर निगम फंड घोटाला: आरके सिंह और प्रिंस शर्मा जेल भेजे गए

■ सीबीआई ने अदालत में बताया, आरोपियों ने डिलीट की डिजिटल चैट

चंडीगढ़। पंचकूला नगर निगम फंड घोटाले और 661 करोड़ रुपये के कथित बैंक फ्रॉड मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने निलंबित आईएएस अधिकारी राम कुमार सिंह (आरके सिंह) तथा विकास एवं पंचायत विभाग के पूर्व अधीक्षक प्रिंस शर्मा को तीन दिन की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद सोमवार को विशेष सीबीआई अदालत में पेश किया। अदालत ने दोनों आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

सुनवाई के दौरान सीबीआई ने अदालत को बताया कि आरोपियों ने मुख्य मास्टरमाइंड और अन्य सह-आरोपियों के साथ हुई डिजिटल चैट अपने मोबाइल फोन से डिलीट कर दी है। एजेंसी इन चैट्स की रिकवरी के प्रयास कर रही है। सीबीआई के अनुसार मामले की जांच अभी महत्वपूर्ण चरण में है और कई पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। जांच में सामने आया है कि पंचकूला नगर निगम के 79.46 करोड़ रुपये के फंड के दुरुपयोग के साथ-साथ हरियाणा के विभिन्न विभागों से जुड़े करीब 657 से 661 करोड़ रुपये के बैंक फ्रॉड की जांच की जा रही है। एजेंसी के अनुसार आरके सिंह द्वारा करीब 2.5 करोड़ रुपये दुबई स्थित अपने बेटे के बैंक खाते में ट्रांसफर किए जाने की जानकारी भी सामने आई है, जिसके संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। सीबीआई की जांच में करनाल में खरीदी गई लगभग 15 एकड़ कृषि भूमि तथा चंडीगढ़ और करनाल स्थित अन्य संपत्तियों के दस्तावेज भी जांच के दायरे में हैं। एजेंसी यह भी जांच कर रही है कि ये संपत्तियां बेनामी तो नहीं हैं।

# शिक्षा विभाग में सीपीएल के लिए उपायुक्त की अनुशंसा की शर्त खत्म

■ सेकेंडरी शिक्षा निदेशालय का आदेश तत्काल प्रभाव से वापस

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने शिक्षा विभाग के शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों को राहत देते हुए कैजुअल पेड लीव (सीपीएल) से संबंधित पुराने आदेश वापस ले लिए हैं। अब सीपीएल मामलों को मुख्यालय भेजने के लिए जिला उपायुक्त की अनुशंसा जरूरी नहीं होगी। महानिदेशक सेकेंडरी शिक्षा कार्यालय की ओर से सोमवार को जारी आदेश में 9 मार्च 2026 के उस आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया, जिसमें सीपीएल मामलों को जिला उपायुक्त की सिफारिश के बाद ही मुख्यालय भेजने का प्रावधान किया गया था। इस व्यवस्था को लेकर शिक्षा विभाग के कर्मचारियों और संगठनों में असंतोष था। उनका कहना था कि इससे अवकाश संबंधी मामलों के निस्तारण में अनावश्यक देरी और अतिरिक्त प्रशासनिक प्रक्रिया बढ़ रही थी। महानिदेशक सेकेंडरी शिक्षा जितेंद्र द्वारा जारी नए आदेश में स्पष्ट किया गया है कि शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों के सीपीएल संबंधी मामलों में जिला उपायुक्त की अनुशंसा की बाध्यता समाप्त की जाती है। आदेश की प्रतियां सभी उपायुक्तों, जिला शिक्षा अधिकारियों सहित संबंधित विभागों को भेजी गई है।

### राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए 13 तक आवेदन

चंडीगढ़। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2026 के लिए सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों से आवेदन मांग लिए है। जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि वह अधिक से अधिक शिक्षकों से आवेदन करवाएं। केंद्र सरकार की ओर से राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए ऑनलाइन सेल्फ नॉमिनेशन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पात्र शिक्षक 10 जुलाई तक पोर्टल पर नामांकन कर सकते हैं, जबकि आवेदन को अंतिम रूप देकर जमा करने की अंतिम तारीख 13 जुलाई तय की गई है। इसके साथ ही राज्यों को जिला और राज्य स्तर की चयन समितियां समय रहते गठित करने के लिए कहा गया है।

### हरियाणा बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव सुषमा गुप्ता को पद से हटाया

चंडीगढ़। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव सुषमा गुप्ता को उनके पद से हटा दिया गया है। इस संबंध में राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष की ओर से 21 जून को आदेश जारी किए गए। हालांकि आदेश में उन्हें पद से हटाने के कारणों का उल्लेख नहीं किया गया है। साथ ही उनके स्थान पर किसी नई नियुक्ति की घोषणा भी नहीं की गई है। सुषमा गुप्ता को 18 जुलाई 2024 को तत्कालीन राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा परिषद का मानद महासचिव नियुक्त किया गया था। उन्होंने उसी दिन पदभार ग्रहण किया था। यह नियुक्ति तीन वर्ष के लिए की गई थी, लेकिन कार्यकाल पूरा होने से पहले ही उन्हें पदमुक्त कर दिया गया। ऐसे में इस फैसले को परिषद में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक बदलाव माना जा रहा है।

### भिवानी के धिराणा में खुलेगा नया उप स्वास्थ्य केंद्र : आरती

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने भिवानी जिले के गांव धिराणा में नया उप स्वास्थ्य केंद्र (सब-हेल्थ सेंटर) खोलने की प्रशासनिक मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की स्वीकृति के बाद इस परियोजना पर करीब 55.49 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का उद्देश्य गांवों में भी शहरों की तर्ज पर सुलभ और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि लोगों को प्राथमिक उपचार तुरंत मिल सके।


## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :–

7472

मनकि सन्दीप पुत्र राजरूप पुत्र काशीराम, निवासी एवं बिस्वेदार गांव याकूबपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2020–21, के अनुसार खेवट न0 654/544, खाता न0 670, मु0 न0 2, किला न0 17/2(3–13), 23(7–8), 24(8–0), 26(0–12), मु0 न0 20, किला न0 3(6–16), किते 5, तादादी रकबा 26 कनाल 9 मरले का 130/1587 भाग, बकदर 2 कनाल 3.33 मरले व खेवट न0 663/547 मिन, खाता न0 680, मु0 न0 20, किला न0 4/1/1/1(1–15), किता 1, तादादी रकबा 1 कनाल 15 मरले का 1/18 भाग, बकदर 0 कनाल 1.94 मरला, उपरोक्त दोनों खेवटों से कुल तादादी रकबा 2 कनाल 5.27 मरले (0.2829375 एकड़) वाका रकबा मौजा याकूबपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा मु0 न0 20, किला न0 3 मिन पूर्व (0–10.27), मु0 न0 20, किला न0 4/1/1/1(1–15), किते 2, तादादी रकबा 2 कनाल 5.27 मरले (0.2829375 एकड़) पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/JSO/1464

मनकि भुप सिहं पुत्र चन्द्र, निवासी गांव लाडपुर एवं बिस्वेदार गांव पेलपा, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2020–21 व इंतकाल न0 4243 बैय, के अनुसार खेवट न0 581 मिन/488, खाता न0 596 मिन, मु0 न0 54, किला न0 9/1(7–2) में से मिन पूर्व दक्षिण (0–7), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 7 मरले (0.04375 एकड़) सालम भाग वाका रकबा मौजा पेलपा, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 0 कनाल 7 मरले (0.04375 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

SW/JSO/1465

मनकि भुप सिहं पुत्र चन्दर पुत्र जमना सिहं, निवासी गांव लाडपुर एवं बिस्वेदार गांव फैजाबाद उर्फ पाहसौर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2020–21 व इंतकाल न0 1744 विरासत, 1953 बैय, के अनुसार खेवट न0 213/177, खाता न0 217, मु0 न0 35, किला न0 8/1(6–8) किता 1, तादादी रकबा 6 कनाल 8 मरले का 1/2 भाग, बकदर 3 कनाल 4 मरले (0.4 एकड़) वाका रकबा मौजा फैजाबाद उर्फ पाहसौर, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 35, किला न0 8/1 मिन पश्चिम (3–4), किता 1, तादादी रकबा 3 कनाल 4 मरले (0.4 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 22.06.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com



## कब्जा सूचना-(अचल सम्पति हेतु) नियम 8-(1)

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों)/सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री सुरेश कुमार श्रीमती बिमल देवी सुरेश कुमार मिल्क डेयरी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10662333) | गांव भलाग तहसील कलायत, जिला कैथल, हरियाणा भारत 136117 में स्थित खसरा नं. 48(4-17) और खेवट नं. 38, खतौनी नं. 44 खसरा नं. 67(6-2) में निहित खेवट नं. 37, खतौनी नं. 44 में से सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1647.00, 2035.00, 1628.00 | रु. 885641/- रुपये आठ लाख पचासी हजार छह सौ इकतालीस केवल | 03-11-2025 | 19-06-2026 |
| श्री तरसेम सिंह श्री चरण सिंह श्रीमती अमरजीत कौर चरण सिंह एनए तरसेम सिंह पलम्बर (प्रोस्पैक्ट नं. IL10548109) | गांव करनौली के लाल डोरा, तहसील व जिला फतेहाबाद, हरियाणा, भारत-125050 में स्थित प्लॉट/मकान यूआईडी नं. 604750008, सम्पत्ति कोड 60475NPAS1000R0008A के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1103.00, 866.00,693.00 | रु. 481797/- रुपये चार लाख इक्यासी हजार सात सौ सतानवे केवल | 07-08-2025 | 19-06-2026 |
| श्री विरेन्द्र सिंह श्रीमती मुकेश विरेन्द्र डेयरी फार्म (प्रोस्पैक्ट नं. IL10444237) | गांव ढुआ तहसील अलेवा, जिला जीन्द, हरियाणा-126116 में स्थित खसरा नं. 939 (0-11) में निहित खेवट नं. 130 खाता नं. 169 में से सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Area_Admeasuring, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 729 | रु. 505620.94/- रुपये पांच लाख पांच हजार छह सौ बीस और पैसे चौरानवे केवल | 05-01-2026 | 19-06-2026 |
| श्री मोहित कुमार श्रीमती जोगिन्द्रो देवी श्रीमती किरना मोहित कुमार डेयरी फार्म (प्रोस्पैक्ट नं. IL10586851) | गांव करूल, तहसील ढांड, जिला कैथल, हरियाणा, भारत 136021 में स्थित खेवट नं. 851 खतौनी नं. 1018 में से सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1965.00, 1892.00, 1513.00 | रु. 465841/- रुपये चार लाख पैंसठ हजार आठ सौ इकतालीस केवल | 14-05-2025 | 18-06-2026 |
| श्री विरेन्द्र श्रीमती निशा देवी विरेन्द्र मिल्क डेयरी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10629318) | खेवट/खाता नं. 54/54 कबरछा, जीन्द, हरियाणा-126115 में सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2700.00, 2308.00 | रु. 555223/- रुपये पांच लाख पचपन हजार दो सौ तेईस केवल | 24-10-2025 | 19-06-2026 |
| श्री गजराज श्रीमती पार्वती देवी गजराज इलैक्ट्रिशियन (प्रोस्पैक्ट नं. IL10664166) | गांव डिंग, नाथूसरी चौपटा, सिरसा, हरियाणा-125058 में प्लॉट/मकान आई.डी. नं. 607030432, यूआईडी आईडी-60703NS470000R0432A के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2179.00, 1320.00 | रु. 329285/- रुपये तीन लाख उनत्तीस हजार दो सौ पचासी केवल | 24-10-2025 | 19-06-2026 |
| श्री साहब सिंह श्रीमती गीता देवी राज मिस्त्री (प्रोस्पैक्ट नं. IL10811544) | फरल, फरल, फरल, ढांड, निकट हरिजन बस्ती, कैथल, हरियाणा, भारत-136020 में खेवट 1576 के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1306.00, 1171.00 | रु. 393598/- रुपये तीन लाख तिरानवे हजार पांच सौ अठानवे केवल | 09-01-2026 | 18-06-2026 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एसकरनाल-एससीओ-408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 23.06.2026 — हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.



सत्यमेव जयते

## भारत सरकार
## इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में निम्नलिखित पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| पद का नाम | रिक्तियों की संख्या | भर्ती का तरीका |
|---|---|---|
| उप निदेशक (राजभाषा) [वेतन मैट्रिक्स का स्तर-11 (5.67,700-2,08,700)] | 01 | प्रतिनियुक्ति पर |

**पात्रता मापदंड**

केंद्र सरकार या राज्य सरकारों या संघ शासित प्रदेश प्रशासन या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या स्वायत्त निकायों के ऐसे अधिकारी:-
(a)(i) मूल कैडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हों;

या

(ii) वेतन मैट्रिक्स में लेवल-10 (56,100-1,77,500 रुपये) में पांच वर्ष की नियमित सेवा के साथ; और
(b) मंत्रालय की वेबसाइट www.meity.gov.in और DoP&T की वेबसाइट www.dopt.gov.in पर दिए गए विस्तृत विज्ञापन में उल्लिखित सीधी भर्ती के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव रखना।

**आयु सीमा:** प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**नोट:** आवेदन प्रारूप के लिए मंत्रालय की वेबसाइट www.meity.gov.in और डीओपीएंडटीकी वेबसाइट www.dopt.gov.in पर लॉगऑन करें।

निर्धारित प्रपत्र में विधिवत तैयार आवेदन पत्र रोजगार समाचार में विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर उप सचिव (कार्मिक), इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, 6, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली 110003 के पते पर पहुंच जाना चाहिए।

CBC-06101/11/0011/2627



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में आरडी 0.000 से 0.900 तक पट्टान से मुकलान रावलवास रोड तक बाढ़ प्रभावित रोड की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 4960) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 25.06.2026 | 90.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में आरडी 13.450 से 14.250 तक हिसार खानक रोड (एमडीआर-108) से बाढ़ प्रभावित रोड की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 4756)। | बंद होने की तिथि 30.06.2026 | 109.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में बरवाला में बस स्टैंड के मौजूदा परिसर में प्रस्तावित नये 6 बेज बस स्टैंड का निर्माण (लिफ्ट का प्रावधान केवल)। | 17.06.2026 24.06.2026 | 17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0166-2225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प नरवाना | गांव खेड़ी मसानिया जिला जीन्द में अग्नि एवं आपदा प्रभावित संस्थान के परिसर के चारों ओर बार्ब्ड वायर की स्थापना और आरसीसी पोल सहित चारदिवारी का निर्माण। | 19.06.2026 25.06.2026 | 9.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा हिसार | डीसी कार्यालय फतेहाबाद के अधिकार-क्षेत्र के तहत 11 नावों की मरम्मत। | 19.06.2026 26.06.2026 | 7.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662239534 xenwsdmechhsr@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | कि.मी. 0.000 से 2.840 तक धनासारी माइनर की आंतरिक सफाई + 3 कार्य। | 19.06.2026 25.06.2026 | 3.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8059375563 xenmgcckd11@gmail.com |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | आरडी 0 से 44358 (टेल) तक आसन माइनर की खरपतवार निकालना और किनारे की सफाई + 24 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 26.06.2026 | 27.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज फतेहाबाद | बैजलपुर - गांव बैजलपुर ब्लॉक भुना, जिला फतेहाबाद में मेन चौक से ओमप्रकाश पुत्र अमी लाल के मकान तक गली का निर्माण (10141 11/03/2026 वीएएनजीवाई) + 1 कार्य। | 19.06.2026 25.06.2026 | 6.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज करनाल | गांव बस्ताली ब्लॉक निसिंग जिला करनाल में सैन समाज चौपाल को पूरा करना, स्कीम वीएएनजीवाई + 5 कार्य। | 17.06.2026 25.06.2026 | 29.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज करनाल | गांव मैनमाटी ब्लॉक कुंजपुरा बाल्मिकी चौपाल का निर्माण + 6 कार्य। | 18.06.2026 27.06.2026 | 92.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज पंचकूला | पंचकूला जिला के 10 गांवों में गांव भगवानपुर, बुंगा, तापरियां, श्यामतू, खैरवाली परवाला, हंगोला, ककराली, खेड़ी, नटवाल, रेहणा में 261 अदद स्ट्रीट लाइट्स का प्रावधान। | 19.06.2026 25.06.2026 | 11.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज पंचकूला | खोखरा : खेड़ा मंदिर से राष्ट्रीय राजमार्ग तक आर.सी.सी. पाइप का प्रावधान व बिछाना, जी.पी. खोखरा ब्लॉक पिंजौर, पंचकूला स्कीम-वीएएनजीवाई। | 18.06.2026 24.06.2026 | 3.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 13 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | मण्डी डबवाली : 3 अदद हाइड्रोलिक प्रचालित मैनहोल डी-सिल्टिंग ग्रैब बकेट टाइप मशीनों का प्रावधान व आपूर्ति और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य हेतु डीएनआईटी। सीएच. हैड :- मण्डी डबवाली :- डबवाली कस्बा जिला सिरसा में उत्तम नगर में आईपीएस का निर्माण और नई अनुमोदित कॉलोनी में सीवरेज सिस्टम का प्रावधान। | 19.06.2026 09.07.2026 | 48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 14 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | कालांवाली कस्बा :- सब डिवीजनल कैम्पस, कालांवाली टाउन जिला सिरसा में स्टाफ क्वार्टर का निर्माण, सीएच.हैड :- कालांवाली कस्बा जिला सिरसा में 9.50 एमएलडी एसटीपी पर ऑनलाइन अनालाइजर, फ्लो मीटर, आईआरटीयू इत्यादि के प्रावधान व स्थापना हेतु आकलन। | 19.06.2026 26.06.2026 | 4.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 15 | मोती लाल नेहरू खेल विद्यालय, राई, सोनीपत | स्कूल यूनिफॉर्म विंटर। | 19.06.2026 10.07.2026 | 24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8708859410 mnssrai@rediffmail.com |
| 16 | वन विभाग सिरसा | सिरसा रेंज में प्लांटेशन रखरखाव कार्य + 3 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 25.06.2026 | 162.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416067122 forest_srisa@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in — पीआरडीएच-11/2027/320/46442/I/88/6 दि. 22.06.26

**खबर संक्षेप**

## 25 जून तक एचटेट आवेदन के विवरणों में करवा सकते हैं शुद्धि

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन शंकरलाल धूपड़ एवं सचिव मुनीश शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा एचटेट परीक्षा-2025 का संचालन चार व पांच जुलाई को करवाया जा रहा है। परीक्षा के लिए शिक्षा बोर्ड द्वारा ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। चेयरमैन धूपड़ व सचिव शर्मा ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने पंजीकरण करवाया है तथा उनके आवेदन फार्म में दर्ज विवरण नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि, लिंग, जाति/श्रेणी व आधार नंबर में त्रुटि रह गई है तो वे निर्धारित शुल्क जमा करवाकर अपने विवरणों में ऑफलाइन माध्यम से शुद्धि करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे सभी अभ्यर्थी 25 जून तक केवल कार्य दिवसों में सुबह नौ बजे से सायं चार बजे तक बोर्ड कार्यालय के कमरा नंबर-28 में साक्ष्यों सहित उपस्थित होकर संशोधन की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। निर्धारित तिथि उपरांत प्राप्त किसी भी प्रकार प्रतिवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

## घर के ऊपर हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से फौजी की मौत

**रेवाड़ी।** महेंद्रगढ़ जिले के गांव चंदपुरा में हाइटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से फौजी की मौत हो गई। 30 वर्षीय फौजी छुट्टी पर घर आया हुआ था। फौजी को 24 जून को मऊ में ड्यूटी ज्वाइन करनी थी। उनके पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। घर में मां और पत्नी के अलावा डेढ़ साल का बेटा है। सूचना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव चंदपुरा निवासी उत्तम कुमार ने बताया कि उनका भतीजा मनोज सेना में कार्यरत था और मऊ में पोस्टिंग थी। परिवार के साथ छुट्टी लेकर गांव आया हुआ था। रविवार को वह मकान की छत पर था। जब वह छत से नीचे उतर रहा था तो ऊपर से गुजर रही 11केवी की हाइटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आया गया, जिससे वह जोरदार धमाके साथ पूरी तरह झुलस गया और उसकी मौत हो गई। उत्तम कुमार ने बताया कि उनके तीन घर हैं और तीनों के ऊपर से बिजली की 11केवी की हाइटेंशन लाइन गुजर रही है। कई बार शिकायत देने पर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

### 20 केस में नामजद व उम्रकैद काट रहे बदमाश गोपाल की पुलिस से मुठभेड़

# पैरोल से फरार हत्यारा एनकाउंटर में ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

हत्या, लूट, रंगदारी और अन्य संगीन मामलों में उम्रकैद की सजा काट रहा कुख्यात बदमाश गोपाल सोमवार सुबह खुबडू-नदिपुर माजरा मार्ग पर पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया। वहीं, आरोपी की फायरिंग में हवलदार देवेंद्र घायल हो गए। उन्हें खानपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार, सुबह करीब साढ़े पांच बजे सूचना मिली थी कि अटायल गांव निवासी गोपाल किसी वारदात को अंजाम देने की नीयत से क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर सीआईए-1 की टीम के राजीव और सीआईए गन्नौर की टीम के इन्चार्ज सब इंस्पेक्टर मुकेश ने संयुक्त अभियान चलाकर इलाके में नाकाबंदी की। पुलिस टीम को देखकर आरोपी ने भागने का प्रयास किया और फायरिंग शुरू कर दी। गोपाल ने करीब नौ राउंड गोलियां चलाईं।

फायरिंग के दौरान एक गोली हवलदार देवेंद्र के हाथ में लगी, जबकि कुछ गोलियां पुलिस वाहनों पर भी लगीं। जवाबी कार्रवाई में बदमाश गोपाल गोली लगने से जख्मी हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल से पुलिस ने दो अवैध देसी हथियार, बिना नंबर की मोटरसाइकिल और कारतूसों के कई खोल बरामद किए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस आयुक्त ममता सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस के मुताबिक गोपाल दो अलग-अलग हत्या के मामलों में उम्रकैद की सजा काट रहा था। उसे 70 दिन की पैरोल मिली थी, लेकिन अवधि समाप्त होने के बाद भी वह जेल नहीं लौटा। फरारी के दौरान उस पर अटायल गांव में फायरिंग, शराब ठेके पर हमला, तोड़फोड़, आगजनी और वाहन चोरी जैसी वारदातों में शामिल होने के आरोप लगे थे। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गोपाल के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, डकैती, अपहरण, रंगदारी, दुष्कर्म और अवैध हथियार रखने सहित करीब 20 मामले दर्ज थे।

**हवलदार भी गोली लगने से घायल**



गोपाल। -फाइल फोटो



घायल हवलदार देवेंद्र।

### प्रेम संबंध में मामला दर्ज होने के बाद रखा अपराध की दुनिया में कदम

गोपाल ने वर्ष 2009 में अपराध की दुनिया में कदम रखा। उस समय उसका एक युवती के साथ प्रेम संबंध था। युवती के बयान के आधार पर उसके खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया गया था। आरोप है कि इसी रंजिश में गोपाल ने युवती की मां की हत्या कर दी थी। इसके बाद वह लगातार हत्या, लूट, अपहरण, रंगदारी और अन्य संगीन अपराधों में शामिल होता गया और कुख्यात बदमाश बन गया। उस पर सोनीपत, पानीपत, रोहतक, जींद और दिल्ली में मामले दर्ज थे।

## लूट में शामिल आरोपी माल्टा पुलिस मुठभेड़ के बाद किया गिरफ्तार

**कैथल (हरिभूमि न्यूज)।** पुलिस ने लूट और हथियारबंद वारदातों में शामिल आरोपी निरंजन उर्फ माल्टा को रविवार शाम किठाना क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पिछले दिनों लूट की वारदात करने के बाद फरार हो गया था। डीएसपी सुशील कुमार के अनुसार सीआईए कलायत टीम को सूचना मिली थी कि लूट की घटना में शामिल आरोपी बुढ़नपुर, सेक्टर-16 पंचकूला निवासी निरंजन उर्फ माल्टा किठाना क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना के आधार पर सीआईए कलायत के नेतृत्व में टीम ने जींद-कैथल रोड पर रजवाहे के निकट पटरी पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आरोपी की ओर से चलाई गई एक गोली पुलिस कर्मचारी की बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी, जिससे वह बाल-बाल बच गया। जवाबी कार्रवाई और घेराबंदी के दौरान आरोपी की बाइक फिसलकर गिर गई, जिसके बाद पुलिस ने उसे काबू कर लिया। डीएसपी सुशील कुमार ने बताया कि निरंजन उर्फ माल्टा उसी गिरोह का सदस्य है, जिसके तीन अन्य आरोपियों को 13 जून को हुई पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया था। विभिन्न पुलिस टीमों ने संयुक्त अभियान चलाकर साहिल, अंकित और अशोक उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया था, जबकि यह आरोपी मौके से फरार हो गया था। डीएसपी ने बताया कि इस गिरोह ने कलायत क्षेत्र में एक होटल में लूट का प्रयास किया था तथा बाद में कैथल शहर में पिस्तौल के बल पर एक युवक से स्कूटी और नकदी छीनी थी। इसके अलावा आरोपियों पर अग्रोहा और चंडीगढ़ में भी लूट की वारदातों को अंजाम देने के आरोप हैं।



**केस में कार्रवाई न करने को मांगे 70 हजार**

## टोहाना में एसआई 35 हजार रिश्वत लेते काबू

- फर्जी पास पर बस यात्रा करते पकड़ा गया था युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत एंटी करप्शन ब्यूरो जींद की टीम ने फतेहाबाद जिले के टोहाना सदर थाना में तैनात सब इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह को 35 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

बस स्टैंड टोहाना के पूर्व फ्लाइंग इंचार्ज रमेश ने बताया कि करीब 6 महीने पहले उन्होंने बस अड्डे से गांव नांगला के रहने वाले राकेश कुमार को फर्जी बस पास के साथ पकड़ा था। इस धोखाधड़ी की शिकायत फ्लाइंग द्वारा रोडवेज जीएम फतेहाबाद के माध्यम से पुलिस अधीक्षक फतेहाबाद को भेजी गई थी। एसपी कार्यालय से यह शिकायत आगामी कानूनी कार्रवाई के लिए सदर थाना टोहाना में तैनात जांच अधिकारी एसआई महेंद्र सिंह के पास पहुंची। इसी मामले को रफा-दफा करने और आरोपी पर सख्त कार्रवाई न करने की एवज में रिश्वत का दबाव बनाया जा रहा था। इस मामले में गांव नांगला निवासी राकेश के भाई राहुल ने एसीबी को शिकायत दर्ज करवाई थी कि एसआई महेंद्र सिंह इस मामले में 72 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है। बाद में पहली किश्त के रूप में 35 हजार रुपये देने पर सहमति बनी। शिकायत मिलते ही एसीबी इंस्पेक्टर विजेंद्र के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। योजना के मुताबिक, एसीबी टीम ने 500-500 रुपये के 70 नोट राहुल को दे दिए। सोमवार शाम जैसे ही राहुल ने सदर थाना में जाकर एसआई महेंद्र सिंह को रिश्वत के रुपये सौंपे, उसे टीम ने काबू कर लिया।

## बैग में रखा मोबाइल फटा, डरकर चलते ट्रक से कूदने पर गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलवल

जिले में केएमपी एक्सप्रेस-वे पर एक ट्रक में सवार श्रमिक की हादसे में मौत हो गई। हांसी से अपने परिवार के साथ लौट रहे शिवचंद्र के बैग में रखा मोबाइल अचानक फट गया। घबराकर वह चलते ट्रक से कूद गया। जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के जामु गांव का निवासी शिवचंद्र हरियाणा के हांसी में ईंट-भट्टे पर मजदूरी करता था। वह रात के समय अपने परिजनों के साथ केएमपी एक्सप्रेस-वे से ट्रक में सवार होकर अपने गांव लौट रहा था। उसने अपना मोबाइल फोन बैग में रखा हुआ था। पलवल सीमा में पहुंचते ही उसके बैग में रखे फोन में अचानक धमाका हुआ और बैग में आग लग गई। यह आग तुरंत ट्रक में रखे पॉलीथिन के बंडलों तक फैल गई। आग और धमाके से घबराकर शिवचंद्र चलते ट्रक से कूद गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में 2 अन्य युवक भी झुलस गए।

## रिचेकिंग में 7 अंक बढ़े तो 10वीं में संयुक्त रूप से हरियाणा टॉपर बनी उचाना की दिपांशी जैन

- 500 में से 492 अंक आने पर संतुष्ट नहीं थी दिपांशी, अब 499 अंक बनने पर जश्न का माहौल

हरिभूमि न्यूज. उचाना

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड में 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में उम्मीद के अनुरूप अंक नहीं मिलने पर गीता विद्या मंदिर स्कूल उचाना मंडी की छात्रा दिपांशी जैन ने रिचेकिंग के लिए आवेदन किया। रिचेकिंग के बाद उसके अंक 492 से



बढ़कर 499 हो गए, जिसके साथ ही उसने हरियाणा में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। दिपांशी ने बताया कि उसे विश्वास था कि उसके अंक और अधिक होने चाहिए थे। रिचेकिंग के बाद साइंस और फिजिकल एजुकेशन में 100-100 अंक पूरे आ गए तथा हिंदी में एक अंक बढ़ा। दिपांशी का सपना इंजीनियर बनने का है। उसने बताया कि वह स्कूल से लौटने के बाद प्रतिदिन पांच से छह घंटे पढ़ाई करती थी। पिता अनिल जैन ने कहा कि परिणाम आने के बाद बेटी संतुष्ट नहीं थी, इसलिए स्कूल के सहयोग से रिचेकिंग के लिए आवेदन किया गया। उन्होंने बताया कि उनकी बड़ी बेटी के भी रिचेकिंग के बाद 500 में से 500 अंक आए थे। चेयरमैन सुरेंद्र जैन, राजकुमार गोयल, सत्यनारायण मखंड, रामनिवास बुडायन और सतपाल गोयल ने प्राचार्या सविता सिंगला, स्टाफ व छात्रा को बधाई दी।

## खेल विभाग का असिस्टेंट 50 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

- काम के निपटारे के लिए डेढ़ लाख रुपये की मांग की थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नूंह

हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो ने नूंह में खेल विभाग के असिस्टेंट राममहर को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रेवासन टोल प्लाजा के पास से रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पर निजी वाहन किराए पर लेने से संबंधित एक मामले में डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप है। शिकायतकर्ता ने एसीबी को बताया था कि खेल विभाग में लंबित एक कार्य के निपटारे के लिए जिला असिस्टेंट राममहर उससे डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत मांग रहा था। एसीबी को शिकायत के बाद योजना के अनुसार, शिकायतकर्ता ने आरोपी को रिश्वत की पहली किश्त के तौर पर 50 हजार रुपये देने के लिए बुलाया। रविवार को जैसे ही आरोपी ने रुपये लिए, एसीबी टीम ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। मौके से रिश्वत की पूरी रकम बरामद कर ली गई। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को हिरासत में लिया गया और उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

## पड़ोसी की दीवार गिरने से महिला की मौत

- जर्जर कबूतरखाने की तीनों ओर की दीवार गिरी, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव लुहारहेड़ी में रविवार रात दीवार गिरने से पड़ोस के घर में सो रही महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, गांव लुहारहेड़ी के एक घर में कबूतरखाना बना हुआ था। जर्जर हो चुके उस ढांचे की कड़ी टूट गई। तीनों तरफ की दीवार गिर गई। पड़ोस के घर में सो रही एक महिला व बच्चा उसकी चपेट में आ गया। इस हादसे में घायल हुई करीब 53 वर्षीय महिला निर्मला की मौत हो गई। जबकि उसके साथ सो रहा उसका दोहता बाल-बाल बच गया। मृतका के बेटे दिनेश को भी मामूली चोटें आईं हैं। पुलिस ने नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।






पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### मस्जिद में काजी ने रेप कर की ब्लैकमेलिंग, तीन आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्षेत्र की एक हिंदू युवती से बिहार में एक मस्जिद में काजी द्वारा रेप करने और उसकी आपत्तिजनक वीडियो बनाने का आरोप है। बाद में यही वीडियो उसके दो साथियों के हाथ लग गई, जिन्होंने सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर युवती से 50 हजार रुपये मांगने शुरू कर दिए। शिकायत मिलने पर फरीदाबाद पुलिस ने बिहार में दबिश देकर काजी समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, युवती साल 2019 में अपने ननिहाल बिहार गई थी। इसी दौरान उसकी पहचान मुजफ्फरपुर जिले के सरियां गांव निवासी कमर राजा से हुई। कमर राजा अपने गांव की मस्जिद में काजी का काम करता था। आरोप है कि उसने युवती का विश्वास जीतकर उसके साथ संबंध बनाए और उसकी आपत्तिजनक फोटो व वीडियो रिकॉर्ड कर ली। पुलिस जांच में सामने आया है कि वीडियो रिकॉर्ड करने के बाद आरोपी युवती का मानसिक और शारीरिक शोषण करता रहा। जून 2026 में कमर राजा का मोबाइल उसके दो साथियों के हाथ लग गया। मुजफ्फरपुर के मंसूरपुर चमरूआ निवासी मोहम्मद शहनवाज और बथना डीह निवासी सादमान ने मोबाइल में मौजूद आपत्तिजनक वीडियो और फोटो के आधार पर युवती को धमकाना शुरू कर दिया और 50 हजार रुपये की मांग की। इस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीनों को दबोच लिया। आरोपियों से मोबाइल बरामद हुआ है। उन्हें अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।



उप्र के गोरखपुर की घटना, पिता के टॉर्चर से कुंठित था

# 16 साल के नाबालिग ने की भाई, भाभी व मासूम भतीजे की हत्या

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के बांसगांव थाना क्षेत्र के बलुआ गांव में सोमवार तड़के दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां 16 वर्षीय नाबालिग लड़के ने कथित तौर पर सोते समय अपने बड़े भाई की जान ले ली। चिखने की आवाज सुनकर आई भाभी और तीन वर्षीय मासूम भतीजे की भी धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी।

घटना की सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने आरोपी किशोर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस ने मौके की जांच कर सारे सबूत जुटाए। नाबालिग कातिल तीहरे हत्याकांड की वारदात के बाद हथियार लेकर बाहर निकल रहा था, जिसे उसके पिता ने खून से लथपथ हालत में देख लिया था।

◀ चीख सुनकर जाग गई थी भाभी और मासूम

◀ हत्याकांड की वजह पारिवारिक विवाद बता रहे



### यह है पूरा मामला

नाबालिग का अपने पिता से विवाद हो रहा था। वह उन पर टॉर्चर का आरोप लगा रहा था। इस दौरान चेतावनी भी दी कि तुम बचोगे नहीं मुझसे। तभी बड़ा भाई अमित गुप्ता बीच में आ गया। इस बात से गुस्सा होकर नाबालिग ने रात में सोते समय अमित पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।

### पिता को कई बार दी चेतावनी

नाबालिग आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसके साथ बचपन से अत्याचार हो रहा है। इससे वह काफी कुंठित हो चुका था। वह भाई और उसके परिवार से जलने लगा था। पिता को कई बार चेतावनी दी, लेकिन हर बार भाई बीच में आ जाता था, जिससे उसने उसको ही मार की ठान ली।

मुंबई-दिल्ली एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा

# 251 किमी की स्पीड पर डिवाइडर से टकराई बीएमडब्ल्यू, दो की मौत

एजेंसी ▶▶ मुम्बई

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बदलापुर के पास मुंबई-दिल्ली एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार के डिवाइडर से टकराने से बड़ा हादसा हो गया। दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि कार चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। तीन दोस्तों बदलापुर में जन्मदिन की पार्टी मनाकर लौट रहे लौट रहे थे। हादसे के दौरान टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसका इंजन लगभग 30 मीटर दूर जा गिरा। पुलिस को मृतकों में से एक के सोशल मीडिया अकाउंट से एक वीडियो मिला है, जिसमें हादसे से कुछ समय पहले कार को 251 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलाते हुए रिकॉर्ड किया गया था। पुलिस को लापरवाही, ओवरस्पीडिंग और स्टंट ड्राइविंग की आशंका है।

◀ कार सवार पार्टी से लौट रहे थे

◀ कार का इंजन 30 मीटर दूर जाकर गिरा



### जन्मदिन मनाकर लौट रहे थे

मृतकों की पहचान बदलापुर निवासी 26 वर्षीय योगेश नेगी और 24 वर्षीय रेबेका जैकब के रूप में हुई है। योगेश का जन्मदिन था और तीनों दोस्तों ने पार्टी की थी। पार्टी के बाद वे मुंबई की ओर लौट रहे थे। हादसे में कार मालिक और चालक अंगद गंभीर रूप से घायल हो गया।

### वीडियो बनाना हादसे की वजह!

हादसे से ठीक पहले कार में सवार लोग सोशल मीडिया पर एक्टिव थे। पुलिस एक वायरल वीडियो की जांच कर रही है, जिसमें कार की स्पीड 251 किमी थी। आशंका है कि तेज रफ्तार के साथ-साथ स्टंट ड्राइविंग या सोशल मीडिया के लिए वीडियो बनाना भी हादसे की वजह हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### ओलंपिक डे पर आज चंडीगढ़ में महाकुंभ

**चंडीगढ़।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर 23 जून को सेक्टर-42 स्थित हॉकी स्टेडियम खेल भावना और ओलंपिक मूल्यों के रंग में रंगा नजर आएगा।



हॉकी चंडीगढ़ द्वारा आयोजित विशेष समारोह में राज्यपाल प्रो. अशीम कुमार घोष मुख्य अतिथि होंगे।समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। करण गिलहोत्रा व वाइस प्रेसिडेंट अनिल वोहरा करेंगे।

### महाराष्ट्र विधान परिषद चुनावः महायुति का डंका

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन ने शानदार जीत दर्ज करते हुए 17 में से 16 सीटें अपने नाम कर ली हैं। हालांकि, नासिक में सत्तारूढ़ गठबंधन की इस जीत में खलल पड़ा, जहां निर्दलीय प्रत्याशी ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के शिवसेना गुट को हरा दिया।सोमवार को मतगणना के साथ समापन हुआ। भाजपा ने शानदार जीत दर्ज की।



### मई में 159 दवा नमूने खरे नहीं उतरे

**नई दिल्ली।** देश में दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन यानी सीडीएससीओ लगातार निगरानी अभियान चला रहा है। इसी क्रम में मई 2026 के लिए जारी मासिक गुणवत्ता जांच रिपोर्ट में कुल 159 दवा नमूनों को 'नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वालिटी' यानी मानक गुणवत्ता से कम पाया गया है।



### अल्लू अर्जुन समेत 23 की 6 को होगी सुनवाई

**मुंबई।** पुष्पा 2' भगदड़ मामले में कोर्ट में अभिनेता अल्लू अर्जुन की वर्चुअल पेशी थी, लेकिन कोर्ट में इस केस की सुनवाई टल गई है। कोर्ट ने अल्लू अर्जुन समेत केस के बाकी आरोपियों को अगली सुनवाई पर एक साथ पेश होने का आदेश दिया है। हैदराबाद में नामपल्ली क्रिमिनल कोर्ट ने संध्या थिएटर भगदड़ मामले की सुनवाई 6 जुलाई तक के लिए टाल दी।

उद्धव के 6 सांसद शिंदे की शिवसेना में शामिल, उपमुख्यमंत्री ने दिलाई सदस्यता

# शिंदे ने कहा-हमने जीत का छक्का लगाया आदित्य ने कहा- ये बागी नहीं... बिकाऊ

*शिंदे ने कहा कि मेरे पास अब 4 संजय*

*उद्धव गुट को दिया एक बड़ा सियासी झटका*



एकनाथ शिंदे



आदित्य ठाकरे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में ऑपरेशन टाइगर आखिर पूरा हुआ। एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे के 6 सांसदों को अपनी पार्टी में विलय का ऐलान करते हुए बताया कि इन लोगों ने पार्टी क्यों छोड़ी? शिंदे ने उद्धव के सिपहसालार संजय राउत पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि अब मेरे पास तो 3-3 संजय हैं। संजय दीना पाटिल, संजय देशमुख और संजय जाधव। चौथे हैं संजय राठौड़। इसलिए किसी और की बात करने की जरूरत नहीं है। इस मौके पर उन्होंने 'ऑपरेशन टाइगर' का सच बताया।

हमने छक्का लगा दिया है। शिंदे ने कहा कि जब मैं सीएम था, तो मैंने एक कार्यकर्ता की तरह व्यवहार किया और आज भी मैं एक कार्यकर्ता की तरह ही काम करता हूं। मैं इन सभी 6 सांसदों से कहना चाहता हूं कि उन्हें भी आम कार्यकर्ताओं की तरह व्यवहार करना होगा और हम उनके साथ भी सभी का सम्मान करेंगे. हमारे मंत्री आपके साथ बैठकर आपके निर्वाचन क्षेत्रों की समस्याओं का समाधान करेंगे। मैं हमेशा कहता हूं कि कोई भी काम मैं अधूरा नहीं छोड़ता. ऑपरेशन टाइगर आपके सामने सफल हुआ।

भाजपा ने टूटने की बताई वजह

### हिंदुत्व की राह से भटके उद्धव ठाकरे

शिवसेना यूबीटी अपने सांसदों के संभावित दलबदल को लेकर केंद्र सरकार पर हमलावर है। अब इस पर भाजपा ने प्रतिक्रिया दी है। भाजपा प्रवक्ता आरपी सिंह ने कहा कि उद्धव ठाकरे हिंदुत्व की राह से भटक गए हैं और इसी वजह से उनकी पार्टी में टूट हुई है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में शिवसेना, हिंदुत्व की राह से भटकी और कांग्रेस की पिछलग्गू पार्टी बन गई।

### उद्धव 27 से करेंगे अब सीधा संवाद

सियासी संकट के बीच उद्धव ठाकरे ने पार्टी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करने का फैसला किया है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत द्वारा साझा कार्यक्रम के मअनुसार उद्धव ठाकरे 27 जून से महाराष्ट्रव्यापी जनसंपर्क अभियान शुरू करेंगे। वह यवतमाल, वाशिम, हिंगोली, परभणी, धाराशिव और शिरडी का दौरा करेंगे।



उद्धव ठाकरे

### वाई-प्लस सिक्योरिटी के बीच पहुंचे मुंबई

*इससे पहले उद्धव ठाकरे का साथ छोड़ने वाले 6 सांसद वाई-प्लस सिक्योरिटी के बीच पहली बार एक साथ मुंबई पहुंचे। सोमवार दोपहर 2 बजे इन सभी 6 सांसदों ने नंदनवन आवास पर शिंदे से मुलाकात की और चर्चा की। इसके बाद, यशवंतराव चव्हाण प्रतिष्ठान में उन्होंने औपचारिक रूप से पार्टी में प्रवेश किया और ऐलान किया कि वे अब शिंदे के नेतृत्व में काम करेंगे।*

### प्रेग्नेंट थे शिंदे, 6 गद्दार सांसदों को दिया जन्म

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने महाराष्ट्र के डिप्टी चीफ मिनिस्टर एकनाथ शिंदे पर तंज कसते हुए कहा कि शिंदे प्रेग्नेंट हैं और उन्होंने छह गद्दार सांसदों को जन्म दिया है। उद्धव गुट के 6बागी सांसदों ने एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल होने का फैसला किया है, जिससे उद्धव गुट के नेता भड़क गए।



संजय राउत

### संजय को जवाब-शिवसेना को बढ़ाने एकजुट हो गए

संजय राउत को जवाब देते हुए शिंदे ने कहा कि कुछ लोग उल्टी-सीधी बातें कर रहे हैं। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि हम यहां किसी को रोकने या कुचलने के लिए नहीं आए हैं, बल्कि शिवसेना को बढ़ाने के लिए एकजुट हुए हैं। हम किसी के काम में दखल नहीं देते, इसलिए कोई हमारे काम में भी टांग न अड़ाए।

कांग्रेस ने साधा निशाना

### ऑपरेशन टाइगर को ऑपरेशन कीचड़ बताया

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में शिवसेना यूबीटी में मची फूट के बाद देश की सियासत गरमा गई है। कांग्रेस ने सोमवार को भाजपा के सहयोगी एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में उद्धव ठाकरे के खेमे को और कमजोर करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन टाइगर को ऑपरेशन कीचड़ करार दिया है।



पवन खेड़ा

टीएमसी बागी गुट का बड़ा फैसला

# ममता बनर्जी को चैयरमैन पद से हटाया, अभिषेक भी हुए सस्पेंड

■ बैठक में 60 एमएलए और 70 पूर्व पार्षद भी मौजूद रहे



■ बैठक में अरूप रॉय को चेयरमैन बनाया गया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की राजनीति में सोमवार को भूचाल मच गया है। जब टीएमसी के बगावती गुट ने ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी को उनके पद से सस्पेंड कर दिया है। न्यूज टाउन में हुई बैठक में टीएमसी के बागी गुट ने ममता बनर्जी को चैयरमेन पद से सस्पेंड किया।

उनकी जगह हावड़ा सेंट्रल के एमएलए अरूप रॉय को चेयरमैन नियुक्त किया गया। इसके अलावा इस गुट ने अभिषेक बनर्जी को ऑल इंडिया जनरल सेक्रेटरी के पद से भी सस्पेंड कर दिया है। इससे पहले सोमवार को विधानसभा में बजट सत्र हुआ। सत्र के बाद टीएमसी के बागी विधायकों ने न्यूटाउन होटल में बैठक की। इस बैठक में 60 एमएलए शामिल हुए वहीं, इस दौरान 70 पूर्व पार्षद भी मौजूद रहे।

### 30 सदस्यों की कमेटी बनाई

इसी बैठक में 30 सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई। मीटिंग में मौजूद सूत्रों ने जानकारी दी कि नयू टाउन के एक होटल में बंद कमरे में हुई बैठक के दौरान 11 सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई। पूर्व मंत्री और विधायक अरूप रॉय को नई बनी नेशनल वर्किंग कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। इस बैठक में जिले से एमएलए तक टीएमसी के 500 नेता शहर के एक होटल में जुटे। इनमें 16 जिलाध्यक्ष, पूर्व एमएलए, पार्षद, और बागी एमएलए मौजूद रहे। सभी ने मिलकर नेशनल वर्किंग कमेटी का गठन कर इसका ऐलान किया है।

### सुवेंदु सरकार का पहला बजट पेश

#### एक लाख भर्ती करेगी सरकार महिलाओं को 33% आरक्षण

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की शुभेंदु अधिकारी सरकार ने सोमवार को अपना पहला बजट पेश किया। सुवेंदु अधिकारी सरकार में वित्त मंत्री स्वपन दासगुप्ता ने बजट भाषण के दौरान कई बड़े ऐलान किए। उन्होंने कहा कि एक लाख सरकारी रिक्तियां भरी जाएंगी और इनमें महिलाओं को 33% आरक्षण दिया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों के 50,000 पद भरने और सिविक पुलिस, होम गार्ड व ग्रीन पुलिस की मासिक सैलरी में 2,000 र की बढ़ोतरी करने का भी ऐलान किया। बजट में आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं का वेतन 5,000 जबकि मिड-डे मील रसोइयों का मासिक मानदेय 1,000 बढ़ाने की घोषणा की गई। स्वपन दासगुप्ता ने बंगाल पुलिस में पुलिस में 20 हजार भर्तियां करने और सरकारी स्कूलों में पैरा-टीचर्स की सैलरी हर महीने 5,000 बढ़ाने का ऐलान किया।



घुलाल टोल प्लाजा पर हादसा

# लुधियाना में पंजाब राज्यपाल के काफिले में घुसी इनोवा कार

एजेंसी ▶▶ लुधियाना

पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के काफिले में इनोवा गाड़ी घुस गई। इससे 2 लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 8 बजे जब राज्यपाल का काफिला समराला के घुलाल टोल प्लाजा की रिजर्व वीआईपी लेन से गुजर रहा था, तभी इनोवा कार अचानक काफिले के बीच में घुस गई। काफिले में शामिल सरकारी एंबुलेंस के ड्राइवर ने हादसे को टालने के लिए तुरंत वाहन रोकने की कोशिश की।



### दो लोग हुए घायल

अचानक ब्रेक लगाने के चलते वह अपना नियंत्रण खो बैठा और एंबुलेंस सीधे इनोवा से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एंबुलेंस में बैठे इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन गुरजंट सिंह निवासी तरनतारन और इनोवा कार में सवार महिला गुरजीत कौर निवासी लुधियाना घायल हो गए।

लुधियाना के फ्रेंड्स रीजेंसी के पास वारदात

# निहंगों ने शिवसेना चेयरमैन की गाड़ी घेरी,शीशा भी तोड़ा

एजेंसी ▶▶ लुधियाना

लुधियाना में सोमवार को शिवसेना पंजाब के चेयरमैन राजीव टंडन की पायलट गाड़ी को कुछ निहंग सिंहों ने रोक लिया। उनकी गाड़ी का शीशा भी टूट गया।

इससे माहौल तनावपूर्ण बन गया। यह घटना फ्रेंड्स रीजेंसी के पास हुई, जहां सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर चेतन के खिलाफ विभिन्न सिख जत्थेबंदियां धरना दे रही थीं। इसी दौरान वहां से गुजर रहे राजीव टंडन को उनकी पायलट गाड़ी में पहचान लिया गया।



### जमकर नारेबाजी भी की

कुछ प्रदर्शनकारियों ने गाड़ी के आगे खड़े होकर नारेबाजी शुरू कर दी। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने स्थिति को संभालने का प्रयास किया, जिसके बाद स्थानीय पुलिस की अतिरिक्त टीमें भी मौके पर पहुंच गईं। पुलिस ने सुरक्षा घेरे में राजीव टंडन के काफिले को वहां से रवाना कराया।

योग दिवस पर आंध्र प्रदेश से कार्यक्रम

# रामदेव का योगमय राष्ट्र व योगमय विश्व का आह्वान

**विजयवाड़ा।** परम पूज्य योगऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज के अखण्ड पुरुषार्थ व अथक प्रयासों से योग आज पूरे विश्व में प्रतिष्ठापित हो गया है। 21 जून को लगभग 200 देश एक साथ योगाभ्यास कर योग की स्वीकार्यता को चरितार्थ करते हैं। इस वर्ष 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर परम पूज्य स्वामी जी महाराज ने कृष्णा नदी क्षेत्र, अमरावती (विजयवाड़ा), आंध्र प्रदेश से योगमय राष्ट्र व योगमय विश्व का आह्वान किया। यह कार्यक्रम पतंजलि योगपीठ तथा आंध्र प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया जिसमें श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी महाराज का भी सान्निध्य रहा। इस वर्ष योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग रही। यूं तो कार्यक्रम प्रातः 5 बजे से प्रारंभ हो गया था।




### कॉकरोच पार्टी का प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के जंतर मंतर पर नीट यूजी 2026 पेपर लीक और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी का धरना लगातार तीसरे दिन भी जारी है। पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने साफ कर दिया है कि जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते, तब तक आंदोलन खत्म नहीं होगा।

पुलिस के साथ नोकझोंक, प्रदर्शन की अनुमति खत्म होने के बाद धरना जारी रहने, बिजली पानी की आपूर्ति पर विवाद और कैंडल मार्च की घोषणा इस आंदोलन को लगातार चर्चा में बनाए हुए हैं। दिल्ली पुलिस से अनुमति मिलने के बाद अभिजीत दीपके अपने समर्थकों के साथ जंतर मंतर पहुंचे।

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने की घोषणा

# देशभर में चरणबद्ध तरीके से बंद होंगे अब पीजी डिप्लोमा मेडिकल कोर्स

एजेंसी ▶▶ नई

■ शैक्षणिक सत्र 2026-27 होगा पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश का अंतिम वर्ष

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग का कहना है कि इस कदम का उद्देश्य देश में स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा को अधिक मानकीकृत, गुणवत्तापूर्ण और वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाना है। आयोग के अनुसार, एमडी और एमएस जैसी डिग्री को विशेषज्ञ चिकित्सा प्रशिक्षण के लिए अधिक व्यापक और मान्यता प्राप्त माना जाता है। एनएमसी का मानना है कि इस बदलाव से मेडिकल संस्थानों में उपलब्ध संसाधनों, फैकल्टी और इंफ्रास्ट्रक्चर का बेहतर उपयोग किया जा सकेगा। यह निर्णय पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन रेगुलेशंस (पीजीएमईआर) 2023 के प्रावधानों के अनुरूप है। इन नियमों में पहले ही मेडिकल कॉलेजों को डिप्लोमा सीटों को डिग्री सीटों में बदलने की अनुमति दी गई थी। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया था कि नए पीजी डिप्लोमा कोर्स शुरू करने या मौजूदा सीटों में वृद्धि के लिए कोई नया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### कोर्स अपग्रेड करने का मिलेगा मौका

वर्तमान में कई मेडिकल कॉलेज एक ही विषय में पीजी डिप्लोमा और एमडी/एमएस दोनों कार्यक्रम संचालित कर रहे हैं, जबकि कुछ संस्थानों में केवल डिप्लोमा कोर्स उपलब्ध हैं। ऐसे कॉलेज अब अपने पीजी डिप्लोमा सीटों को संबंधित एमडी या एमएस डिग्री सीटों में परिवर्तित करने के लिए आवेदन कर सकेंगे। संस्थानों को मेडिकल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना होगा।

## नीट री-एग्जाम में भी बड़ा फर्जीवाड़ा आया सामने

40 लाख में हुई थी लखीसराय में डील, 14 कर्मचारी भी इस नेटवर्क का हिस्सा रहे

# छात्र की जगह परीक्षा देने बैठे डॉक्टर, 24 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ लखीसराय

नीट री-एग्जाम के दौरान बिहार के लखीसराय में एक बड़े सॉल्वर गैंग का खुलासा हुआ है। पुलिस ने जांच के बाद गैंग के सरगना समेत 24 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि असली अभ्यर्थियों की जगह परीक्षा देने के लिए मेडिकल छात्रों से 30 से 40 लाख रुपए तक की डील की गई थी। गिरफ्तार लोगों में बीएमसीएच , गया मेडिकल कॉलेज, एम्स रायबरेली और वीएचयूके छात्र भी शामिल हैं। हैरानी की बात यह है कि बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन करने वाली कंपनी के 14 कर्मचारी भी इस नेटवर्क का हिस्सा बताए जा रहे हैं।




### बायोमीट्रिक कंपनी के कर्मचारी भी गिरफ्तार

इस मामले का सबसे चौंकाने वाला पहलू बायोमेट्रिक जांच करने वाली कंपनी के कर्मचारियों की गिरफ्तारी है। पुलिस ने कंपनी के 14 कर्मचारियों को हिरासत में लिया है। आरोप है कि उनकी मदद से फर्जी अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिलाने की कोशिश की गई। अगर जांच में यह आरोप सही साबित होता है तो यह परीक्षा सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करेगा।

### सॉल्वर के तौर पर इस्तेमाल किया गया

पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि मेडिकल कॉलेजों में पढ़ रहे छात्रों को सॉल्वर के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा था। इसके लिए 30 से 40 लाख रुपए तक की डील तय की गई थी। जांच एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल थे तथा पैसे का लेन-देन किस तरीके से किया गया था?

### हैदराबाद में नकल करते पकड़ा गया छात्र, टॉयलेट में रखा था मोबाइल

नीट पुनर्परीक्षा के दौरान हैदराबाद में एक अभ्यर्थी को कथित रूप से अनुचित साधनों का उपयोग करते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि 18 वर्षीय छात्र परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन की मदद से उत्तर खोज रहा था। आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया और उसका मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया। छात्र अचंपेट का रहने वाला है और 21 जून को आदिबाटला थाना क्षेत्र के रगन्नागुडा स्थित जिला परिषद हाई स्कूल परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देने पहुंचा था।



## चिंतन

# आगजनी रोकने के लिए नियम सख्ती से लागू हों

देशभर में आगजनी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इस बार गर्मी में पहले की तुलना में ऐसे हादसे बढ़ गए हैं। इसकी ज्यादातर वजहें एसी के कंप्रेशर्स का फटना, शॉर्ट सर्किट और गैस सिलेंडरों का फटना है। ताजा मामला लखनऊ के कोचिंग सेंटर का है जहां दो मंजिला इमारत में आग लग गई। इस भीषण हादसे में अनेक छात्रों समेत 15 से अधिक लोगों की जान चली गई। बताया जा रहा है कि दूसरे फ्लोर पर चल रहे कोचिंग सेंटर में एसी का कंप्रेशर फटने से आग लगी। इसके बाद घबराए छात्रों ने खुद को बाथरूम में बंद कर लिया। ज्यादातर बच्चों की मौत दम घुटने के कारण हुई है। इससे पहले दिल्ली के मालवीय नगर में एक होटल में आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गई थी। तब आग लगने का कारण रसोई में खाना पकाने वाली गैस का रिसाव या अत्यधिक गर्म तेल (ऑयल फ्रायर) था। वहीं, कुछ दिन पहले हरियाणा में रोहतक के एक मुख्य बाजार में भी एसी का कंप्रेशर फटने से लगी आग में तीन लोग जिंदा जल गए थे और एक दर्जन से अधिक दुकानें भी जलकर राख हो गई थी। बिजली के उपकरणों के अधिक प्रयोग से शॉर्ट सर्किट जैसे घटनाएं हो रहीं हैं। भीषण गर्मी के कारण आग ज्यादा भड़कती है और यह भयावह रूप ले लेती है। ये हादसे बताते हैं कि शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर में नियमों की पूरी तरह से अवहेलना की गई है। आग लगने के बाद मौके पर अग्निशमन यंत्र के उपाय न होना, फायर ब्रिगेड का समय पर नहीं पहुंचना, दमकल विभाग के पास आवश्यक संसाधनों की कमी, शहरों में फायर हाइड्रेंट की अनउपलब्धता समेत कई ऐसे कारण हैं जो समय पर नहीं मिल पाते और आग भयावह रूप ले लेती है। ऐसे यंत्र समय पर मिलें तो बड़ा हादसा रोकने में आसानी हो जाती है। हालांकि शहरों में अनियंत्रित विकास, छोटी-छोटी जगहों पर कॉम्प्लेक्स, बाजारों की संकरी गलियां, फायर एनओसी नहीं होना और प्रशासन द्वारा ऐसे मामलों में आंखें मूंद लेना जैसे कई कारण हैं जो इन हादसों को बड़ा बना देते हैं। प्रशासन और लोगों को किसी भी चीज की तभी याद आती है जब जरूरत होती है या हादसे होते हैं। इससे पहले तो सभी शांति से रहते हैं और किसी भी चीज की डिमांड नहीं करते। यदि समय रहते प्रशासन और आमजन जागरूक हों और प्रशासन भी प्रोएक्टिव रवैया अपनाएं तो ऐसे हादसों को रोकने में मदद मिल सकती है। प्रशासन को सभी नियम सख्ती से लागू करने होंगे और नियम तोड़ने वालों को दंडित करना होगा। तभी ऐसी समस्याओं पर काबू पाया जा सकता है। इसके बाद ही छात्र, आमजन और बाजार सुरक्षित होंगे। लोगों को भी ऐसी घटनओं के प्रति सजग रहना होगा और मकान, होटल या दुकान निर्माण के समय ही सभी नियमों का पालन करना होगा। लखनऊ, दिल्ली और रोहतक जैसी घटनाएं स्पष्ट संकेत हैं कि आगजनी अब केवल दुर्घटना नहीं, बल्कि सुरक्षा नियमों की अनदेखी का परिणाम बनती जा रही है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण के बीच फायर सेफ्टी को प्राथमिकता देना समय की मांग है। प्रशासन को नियमित निरीक्षण, फायर एनओसी की अनिवार्यता और नियम उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी। साथ ही संस्थानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और आम नागरिकों को भी सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक होना होगा। जब तक रोकथाम, तैयारी और जवाबदेही की संस्कृति विकसित नहीं होगी, तब तक ऐसे हादसे निर्दोष लोगों की जान लेते रहेंगे। सुरक्षा कोई विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्य जिम्मेदारी है।



विकसित भारत 2047
नरेंद्र सिंह तोमर

# संकल्प से समृद्ध मोदी का कार्यकाल

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में 4,399 दिन पूरे कर एक महत्वपूर्ण राजनीतिक पड़ाव हासिल किया है। इस अवसर पर उनके कार्यकाल की तुलना देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल से की जा रही है। हालांकि दोनों नेताओं ने अलग-अलग समय और परिस्थितियों में देश का नेतृत्व किया, लेकिन दोनों के सामने राष्ट्र निर्माण की बड़ी चुनौतियां थीं। नेहरू ने स्वतंत्र भारत की नींव मजबूत की, वहीं मोदी विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यह तुलना केवल दो प्रधानमंत्रियों की नहीं, बल्कि भारत की विकास यात्रा के विभिन्न पड़ावों की भी कहानी है।**

बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में 4,399 दिन पूरे किए हैं। संदर्भ बता रहे हैं कि इस तरह उन्होंने जवाहरलाल नेहरू के 4,398 दिनों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। प्रधानमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यकाल का एक-एक दिन 2047 के विकसित भारत के स्वप्न को पूरा करने संकल्प को पूरा करने में गुजरा है। वह विकास जो भौतिक प्रगति का प्रतीक नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक चेतना और वैचारिक सम्पन्नता का प्रतीक होता है। हम गर्व से कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यकाल में भारत ने अपनी उस खोई हुई सांस्कृतिक चेतना को पुनः पाया है जो कभी उसकी पहचान हुआ करती थी। एक तरफ काशी विश्वनाथ धाम, भव्य राम मंदिर का निर्माण और केदारनाथ का पुनरुद्धार है, तो दूसरी तरफ आधुनिक वंदे भारत ट्रेनें और विश्वस्तरीय एक्सप्रेस-वे हैं। यह 'विकास भी, विरासत भी' का वह अनूठा संगम है, जिसने आधुनिकता की अंधी दौड़ में भारतीयता के गौरव को सर्वोपरि बनाए रखा है।

जब दो प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल की अवधि की तुलना होती है तो उनके कार्य और उपलब्धियों की तुलना होना स्वाभाविक है। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू को आजाद भारत का शिल्पकार कहा जाता है, जबकि प्रधानमंत्री मोदी जी आज 2047 के विकसित भारत के संकल्प का नेतृत्व कर कर रहे हैं। वे ऐसे देश का नेतृत्व कर रहे हैं जो 80 साल पहले की तुलना में ज्यादा जटिल है। आज सरकार को डिजिटल, आर्थिक और सामरिक मंच पर ऐसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जो स्वतंत्रता के समय नहीं थीं। नेहरू के समय भारत की आबादी करीब 34 करोड़ थी, जो आज करीब 4.3 गुना बढ़ चुकी है। पं. नेहरू के समय भारत की जीडीपी लगभग 2.7 लाख करोड़ रुपये थी और औसत विकास दर 3.5-4 प्रतिशत थी, जबकि 2026 तक मोदी के नेतृत्व में जीडीपी बढ़कर 357 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई और देश तेजी से वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बन चुका है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हमने देश की जीडीपी और विकास दर में पिछले दशकों की तुलना में एक बड़ा और ऐतिहासिक परितर्वन देखा है। यह उन्नति भी कितनी सुखद है कि पीएम मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार न केवल बढ़ा है, बल्कि साल 2014-15 में जो नॉमिनल जीडीपी 106.57 लाख करोड़ थी, वह साल 2024-25 तक तीन गुना बढ़कर 331.03 लाख करोड़ रुपए के स्तर तक पहुंच गई है। इस उपलब्धि पर गौर करते समय हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि पीएम मोदी जी के कार्यकाल में भारत ने कोविड-19 महामारी, वैश्विक मुद्रास्फीति, भू-राजनीतिक संघर्षों और सप्लाई-चेन में आई बड़ी रुकावटों को देखा है। इन स्थितियों के बाद भी भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना है। तथ्य यह भी है कि स्वतंत्रता के शुरुआती दशकों में जब नेहरू देश के प्रधानमंत्री थे तब हमारा देश आयात पर बहुत अधिक निर्भर था। तब विदेशी मुद्रा का संकट एक बड़ी चुनौती थी। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में बीते एक दशक में भारत की वैश्विक व्यापारिक हिस्सेदारी बहुत मजबूत हुई है। वर्ष



2013-14 में देश का कुल निर्यात जो 468 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, वह साल 2024-25 में करीब 76 प्रतिशत बढ़कर 825 बिलियन अमेरिकी डॉलर के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया। जब भारत आजाद हुआ, तब देश गरीबी, अशिक्षा, खाद्यान्न की कमी और नए राष्ट्र के निर्माण जैसी बड़ी समस्याओं से जूझ रहा था। 1950 के दशक में लोगों की सबसे बड़ी जरूरत रोटी-कपड़ा-मकान और शिक्षा थी। आज तस्वीर बदली हुई है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने सीधे लाभ हस्तांतरण, उज्ज्वला गैस योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत अभियान और महिला सुरक्षा जैसी योजनाओं के माध्यम से प्रशासनिक कुशलता दिखाई है। स्टार्टअप, डिजिटल अर्थव्यवस्था, विनिर्माण प्रोत्साहन और नवाचार आधारित विकास श्रेष्ठ भारत निर्माण की सोच को प्रतिबिंबित करते हैं। मोदी सरकार ने यूपीआई और जनधन जैसे डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए देश के कोने-कोने तक वित्तीय समावेशन को पहुंचाया है। पांच लाख रुपए तक के निःशुल्क इलाज की आयुष्मान भारत योजना स्वस्थ भारत की कल्पना को साकार कर रही है। देश में विशिष्ट पहचान (आधार) पाने वालों की संख्या 138.34 करोड़ से अधिक हो चुकी है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना में 58.3 करोड़ से अधिक खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें कुल जमा राशि 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। इनमें से 32 करोड़ से अधिक खाते महिलाओं के हैं। खाताधारक अधिकांश महिलाएं ग्रामीण और अर्थ-शहरी क्षेत्रों से हैं। आधार, मोबाइल और बैंक खाते के इस त्रिकोण ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण की भ्रष्टाचार से मुक्त ऐसी अचूक व्यवस्था बनाई है, जिसके माध्यम से सब्सिडी और सरकारी सहायता सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाई जा रही है। इतने लंबे समय तक देश की सेवा करने वाले दोनों प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल की उपलब्धियों और शासन के तरीकों को देख कर एक निष्कर्ष निकलता है कि यह तुलना दो प्रधानमंत्रियों की नहीं, बल्कि बीते 79 सालों में भारत के शून्य से शिखर तक पहुंचने की कहानी है। मेरा मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी जी के पिछले 4398 दिनों के कार्यकाल में देश ने केवल शासन-प्रशासन में परिवर्तन को ही नहीं देखा बल्कि विकास के पैमानों पर आमूलचूल परिवर्तन अनुभव किया है। किसी भी लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति केवल नेतृत्व में नहीं, बल्कि संस्थाओं, नागरिकों और सामूहिक राष्ट्रीय प्रयासों में निहित होती है। आज भारत आर्थिक, तकनीकी और वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। विकसित भारत-2047 का संकल्प तभी साकार होगा, जब विकास, सुशासन, समावेशिता और जनभागीदारी साथ-साथ आगे बढ़ें। यही भारत की निरंतर प्रगति और उज्ज्वल भविष्य का आधार बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योजनाओं की घोषणाएं ही नहीं हुई बल्कि घोषणा से आगे उनके प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता, जवाबदेही और अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने पर समूचा ध्यान केंद्रित हुआ है। यही कारण है कि आज भारत में विकास की चर्चा नहीं करता, बल्कि उसे धरातल पर उतारने की क्षमता दिखाई दे रही है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश का विकसित भारत 2047 का स्वप्न देते हुए और इसे पूरा करने का मार्ग दिखाया है। उनकी दूरदृष्टि हमें विकसित, आत्मविश्वासी और वैश्विक नेतृत्व की आकांक्षा वाले देश का निर्माण करने का लक्ष्य दे चुकी है। यह हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री मोदी जी का हमें नेतृत्व मिला है और हम सभी विकसित भारत निर्माण में अपना योगदान दे पा रहे हैं। इस विशिष्ट उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी को बधाई एवं अशेष शुभकामनाएं।

(लेखक मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष हैं। ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

पुण्यतिथि पर विशेष
मोहित सिंगला



# एक देश, एक विधान को जीवन अर्पित करने वाले युग पुरुष


कोलकाता में 6 जुलाई 1901 को जन्मे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को प्रतिभा और संस्कार विरासत में मिले थे। उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी विख्यात शिक्षाविद्, न्यायविद् तथा कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति थे, जबकि माता जोगमाया देवी धार्मिक प्रवृत्ति की थीं। शिक्षा और संस्कृति से ओतप्रोत पारिवारिक वातावरण ने उनके व्यक्तित्व को प्रारंभ से ही विशिष्ट दिशा दी। अपनी विलक्षण प्रतिभा के कारण उन्होंने कम आयु में ही शैक्षिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। कानून की शिक्षा पूरी करने के बाद वे इंग्लैंड गए और बैरिस्टर बनकर भारत लौटे। मात्र 33 वर्ष की आयु में 1934 में उन्हें कलकत्ता विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया। वह विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति बने। उनके कार्यकाल में शिक्षा के आधुनिकीकरण और भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। शिक्षा जगत में उल्लेखनीय योगदान के बाद उन्होंने सार्वजनिक जीवन में सक्रिय भूमिका निभानी शुरू की। बंगाल की राजनीति में उन्होंने महत्वपूर्ण स्थान बनाया और वित्त मंत्री के रूप में भी कार्य किया। देश के विभाजन के समय उन्होंने बंगाल और पंजाब के संपूर्ण विभाजन का विरोध करते हुए यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई कि इन दोनों प्रांतों के बड़े हिस्से भारत में बने रहें। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जब देश की पहली मंत्रिपरिषद का गठन हुआ तो प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री बनाया। किंतु राष्ट्रीय नीतियों और विशेषकर नेहरू-लियाकत समझौते के मुद्दे पर मतभेदों के कारण उन्होंने 1950 में मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय विचारधारा को मजबूत राजनीतिक मंच देने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्कालीन सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर के सहयोग से 21 अक्टूबर 1951 को भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी उसके प्रथम अध्यक्ष बने। यही संगठन आगे चलकर भारतीय जनता पार्टी के रूप में विकसित हुआ। उस समय जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा प्राप्त था। वहां अलग संविधान, अलग झंडा और अलग प्रशासनिक व्यवस्था लागू थी। भारतीय नागरिकों को राज्य में प्रवेश के लिए परमिट लेना पड़ता था। डॉ. मुखर्जी का मानना था कि स्वतंत्र भारत में ऐसी व्यवस्था राष्ट्रीय एकता के विपरीत है। उन्होंने पूरे देश में यह उद्घोष किया कि "एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेंगे।" अगस्त 1952 में जम्मू में आयोजित एक विशाल जनसभा में उन्होंने ऐलान किया था "या तो मैं आपको भारतीय संविधान दिलाऊंगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर दूंगा।" अपने इसी संकल्प को साकार करने के लिए वह 8 मई 1953 को बिना परमिट जम्मू-कश्मीर की ओर रवाना हुए। 11 मई को उन्हें गिरफ्तार कर श्रीनगर में नजरबंद कर दिया गया। लगभग डेढ़ महीने की नजरबंदी के दौरान ही 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनका निधन हो गया। लंबे समय तक उनकी मृत्यु की परिस्थितियों को लेकर प्रश्न उठते रहे और निष्पक्ष जांच की मांग भी होती रही। समय बीतता गया, लेकिन डॉ. मुखर्जी का विचार और उनका संकल्प देश की चेतना में जीवित रहा। 5 अगस्त 2019 को जब जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधान समाप्त किए गए और भारतीय संविधान को पूर्ण रूप से लागू किया गया, तब अनेक लोगों ने इसे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अधूरे स्वप्न की पूर्ति के रूप में देखा। आज देश के अनेक संस्थान, सड़कें और योजनाएं उनके नाम से जुड़ी हुई हैं, लेकिन उनकी सबसे बड़ी पहचान उनके विचार और राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि केवल एक महान नेता को स्मरण करने का अवसर नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, अखंडता और राष्ट्र प्रथम की भावना को अपने जीवन में उतारने का भी संदेश देती है। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती के अवसर पर भारत सरकार द्वारा करेंसी सिक्के व डाक टिकट जारी किए गए । जब कि इससे पूर्व में इनकी जयंती पर जहां करेंसी सिक्के व डाक टिकट जारी किए जाते रहे हैं वहां पर देश के विभिन्न भागों में इनके नाम पर सड़कों व पार्कों सहित अनेक संस्थाएं भी स्थापित की गई हैं ।



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

(लेखिक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# भक्ति से मिलती है चुनौतियों से लड़ने की शक्ति



संकलित
दर्शन

इस विशाल ब्रह्मांड में, एक कालनिरपेक्ष और असीमित ऊर्जा सृष्टि के प्रत्येक पक्ष में प्रकट होती है। ये समय, स्थान, आरंभ-अंत से परे है। अक्सर हम उन लोगों पर दया भाव रखते हैं, जो हमसे अधिक युवा हैं या हम उन्हें कम ज्ञान वाला समझते हैं। इसी प्रकार हम बुजुर्गों द्वारा दिए गए ज्ञान को पुराना और अज्ञान से भरा हुआ मान लेते हैं। लेकिन, हमें ये बात समझने की आवश्यकता है कि दिव्यता बुद्धिमत्ता, आयु या स्वभाव पर ध्यान दिए बिना, सबके हृदय में वास करती है। प्रत्येक व्यक्ति में शिव तत्व का संज्ञान लेने से हमारे भीतर एक समरसता उत्पन्न हो जाती है, जो हमें शिव से एकाकार करती है। पुराने समय के ऋषियों और ज्ञानियों ने हर एक चीज को शिव का ही अंश माना। शिव सर्वव्याप्त हैं। यही वेदों का सार है। वेदांत दूसरी ओर भूला देने और ज्ञान की सीमाओं के परे जाने को भी दर्शाते हैं। वह उसके बारे में भी बताते हैं, जो द्वैत से परे है, अच्छे और बुरे से परे है। वेदांत अद्वैत की वास्तविकता का भी उद्घाटन करते हैं, जो अस्तित्व के मूल में छिपा हुआ है। ईश्वर के सर्वव्याप्त होने की धारणा पर बहुत पुराने समय से प्रश्न उठते आए हैं। यदि ईश्वर सचमुच में सर्वव्याप्त हैं, तो शैतान कहां रहता है। शताब्दियों से धर्मशास्त्रियों ने इस असमंजस पर गुत्थम-गुत्था की है। यदि ईश्वर सर्वव्याप्त हैं, तो कोई शक्ति उन्हें चुनौती कैसे दे सकती है? उत्तर इस समझ में है कि हर एक चीज में ईश्वर है, शैतान में भी। वेदांत दर्शन ने द्वैत की सीमाओं को पार किया और अद्वैत के सत्य को बताया, जो अच्छे और बुरे से परे है।

# बच्चों को सुविधाओं से ज्यादा अच्छे संस्कार दें



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में दो खास परिवार हैं, पहला पांडव और दूसरा है कौरव। पांडव परिवार में कुंती और पांच पुत्र थे। जबकि कौरव परिवार में धृतराष्ट्र और गांधारी के साथ ही सौ पुत्र थे। पांडवों के पास सुख-सुविधाओं का अभाव था, जबकि कौरवों के पास सारी सुख-सुविधाएं थीं। महाभारत में कुंती अपने पांच पुत्रों के साथ वन में रह रही थीं, क्योंकि धृतराष्ट्र और दुर्योधन नहीं चाहते थे कि पांडु के पुत्रों को राज्य मिले। धृतराष्ट्र का पुत्र दुर्योधन अधर्मी था। वह बचपन से ही पांडव पुत्रों को परेशान कर रहा था। कुंती के पति पांडु शाप की वजह से मर चुके थे। पांडु की दूसरी पत्नी माद्री भी जीवित नहीं थी। इन दोनों के बाद कुंती को पांच पुत्रों का पालन करना था। तीन पुत्र कुंती के थे और दो पुत्र माद्री के थे। कुंती जानती थीं कि जंगल में तो कोई सुख-सुविधा तो मिलेगी नहीं, इसलिए कुंती ने बच्चों का पालन करते समय संस्कारों पर ज्यादा ध्यान दिया। दूसरी ओर कौरव पक्ष में धृतराष्ट्र अंधे थे, गांधारी ने भी आंखों पर पट्टी बांध ली थी। दुर्योधन और उसके भाई लगातार गलत काम कर रहे थे, लेकिन माता-पिता ने उनकी ओर ध्यान ही नहीं दिया। नतीजा ये हुआ कि सभी कौरव पुत्र अधर्मी हो गए। महाभारत युद्ध में जब श्रीकृष्ण को ये निर्णय लेना था कि किसके पक्ष में रहेंगे, तब उन्होंने धर्म मार्ग पर चल रहे पांडव पुत्रों को चुना। धृतराष्ट्र और गांधारी ने अपने पुत्रों को सुख-सुविधा की हर एक चीज दी थी, लेकिन अच्छे संस्कार नहीं दिए थे। संतान के मोह में धृतराष्ट्र ने दुर्योधन को सही-गलत का फर्क नहीं बताया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### दलबदल विरोधी कानून की वास्तविकता

लोकतंत्र की सफलता का आधार केवल नियमित चुनाव नहीं, बल्कि निर्वाचित प्रतिनिधियों की जवाबदेही, राजनीतिक स्थिरता और जनादेश के प्रति निष्ठा भी है। संसद और विधानसभाएं जनता की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं तथा इन संस्थाओं की स्थिरता लोकतांत्रिक शासन के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक है। किंतु भारतीय राजनीति में लंबे समय तक दलबदल की प्रवृत्ति ने लोकतांत्रिक व्यवस्था को गंभीर चुनौती दी। व्यक्तिगत लाभ, मंत्री पद, आर्थिक प्रलोभन अथवा राजनीतिक अवसरवाद के कारण निर्वाचित प्रतिनिधि बार-बार अपनी निष्ठा बदलते रहे, जिससे सरकारें गिरती रहीं और जनादेश का अपमान होता रहा। इसी समस्या के समाधान के लिए दलबदल विरोधी कानून लागू किया गया। लेकिन वास्तविकता यह है कि अब पहले से भी ज्यादा दलबदल हो रहा है। *- विजय कुमार, रोहतक*

## करंट अफेयर

# कांगो में इबोला संक्रमितों का आंकड़ा 1,003 पहुंचा

पूर्वी कांगो में फैले इबोला संक्रमण के पुष्ट मामलों की संख्या बढ़कर 1,003 हो गई है, जिनमें 254 मौतें शामिल हैं। अधिकारियों ने रविवार देर रात जारी एक बयान में यह जानकारी दी। कांगो के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि 15 मई को इस बीमारी के प्रकोप की घोषणा होने के बाद से इस महामारी से अब तक कुल 100 लोग पूरी तरह ठीक हो चुके हैं। इस संक्रमण के सबसे ज्यादा मामले इटुरी प्रांत से सामने आ रहे है। दुर्लभ 'बुंदीबुग्यो वायरस' के कारण फैला यह इबोला प्रकोप अब तक का सबसे खतरनाक रूप ले चुका है, क्योंकि इस वायरस के लिए वर्तमान में कोई टीका या इलाज उपलब्ध नहीं है। अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि ऐसे कई और मामले हो सकते हैं जिनकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है, और इस महामारी का चरम आना अभी बाकी है। मंत्रालय के अनुसार, स्थानीय अधिकारियों के लिए संक्रमितों के संपर्क में आए लोगों की पहचान करना एक बड़ी चुनौती बना हुआ है, क्योंकि वे अब तक केवल 55 प्रतिशत कवरेज दर ही हासिल कर पाए हैं। अधिकारियों ने कहा कि वे अभी तक इस महामारी के 'पेशेंट जीरो' (पहले संक्रमित व्यक्ति) की पहचान नहीं कर पाए हैं।




## ऑफ बीट

# भूख लगने पर भोजन का स्वाद पहले महसूस होता है

अगर आपको रात के खाने में कुछ खास खाने की इच्छा हो रही है तो संभव है कि आपका दिमाग उसे खाने से पहले ही उसके स्वाद को महसूस करने लगे। एक नए अध्ययन में यह दावा किया गया है कि भूख की स्थिति में मस्तिष्क भोजन के स्वाद, गंध और उसे खाने के अनुभव की मानसिक कल्पना को अधिक सजीव रूप से महसूस करने लगता है। शोधकर्ताओं के अनुसार, अधिकतर लोग यह अनुभव कर चुके हैं कि खाली पेट बाजार जाने पर वे जरूरत से ज्यादा मीठे, तैलीय या पसंदीदा खाद्य पदार्थ खरीद लेते हैं। आमतौर पर इसे भूख का असर माना जाता है, लेकिन नया अध्ययन बताता है कि भूख केवल खाने की इच्छा नहीं बढ़ाती, बल्कि भोजन से जुड़ी मानसिक छवियों और संवेदनाओं को भी अधिक प्रभावशाली बना देती है। अध्ययन में कहा गया कि मानव मस्तिष्क के लिए भोजन हमेशा से एक बहु-संवेदी अनुभव रहा है। यह अनुभव किसी पेस्ट्री को देखने, भोजन की सुगंध महसूस करने या उसके स्वाद और बनावट को याद करने से शुरू हो सकता है। भोजन से जुड़े अनुभव मस्तिष्क में स्मृतियों के रूप में दर्ज हो जाते हैं और बाद में मानसिक कल्पना के माध्यम से दोबारा महसूस किए जा सकते हैं।



## ट्रेंड

### पंजाब में सभी सीटों पर लड़ेंगे



पश्चिम बंगाल की तरह पंजाब में भी "डबल इंजन" की सरकार बनाने के लिए सभी भाजपा कार्यकर्ता जुट जाएं। पार्टी पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए सभी 117 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। **-नितिन नवीन,** भाजपा अध्यक्ष

### छक्का लगाया



जब 2022 में हमने पार्टी और धनुष-बाण बचाने के लिए विद्रोह किया था, तब 40 विधायक थे और अब छक्के लग चुके हैं। हमारी लड़ाई बालासाहेब के विचारों को बचाने के लिए है, इसीलिए आज ये 6 सांसद बालासाहेब की असली शिवसेना में शामिल हुए। **-एकनाथ शिंदे,** उपमुख्यमंत्री महाराष्ट्र

### उनकी वफादारी बिकाऊ



शिवसेना (यूबीटी) के 6 सांसदों ने पार्टी छोड़कर साबित कर दिया है कि उनकी वफादारी बिकाऊ है। कम से कम यह मान लीजिए कि लालच की वजह से आपने रातोंरात बिना किसी शर्म के यह सब छोड़ दिया। यह लालच एक दिन आपको ले डूबेगा। **-आदित्य ठाकरे,** पूर्व मंत्री, महाराष्ट्र

### प्रयोगशाला को मंजूरी दें



आदिलाबाद की रणनीतिक स्थिति इसे ऐसे विमानन एवं रखरखाव केंद्र के लिए उपयुक्त बनाती है। इसलिए रक्षा मंत्री से आग्रह है कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन तथा रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला से जुड़ी परियोजना को शीघ्र मंजूरी दें। **-रेवंत रेड्डी,** सीएम, तेलंगाना

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## स्पेन ने सऊदी अरब को 4-0 से हरा | यामल बने सबसे कम उम्र में गोल करने वाले 8वें खिलाड़ी



एजेंसी ▶▶ अटलांटा

किशोर सुपरस्टार लामिन यामल ने फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर पहली बार शुरुआती लाइनअप में शामिल होने के 10 मिनट के भीतर ही गोल किया जबकि मिकेल ओयारजाबल ने दो गोल दागे, जिससे स्पेन सऊदी अरब को 4-0 से हराकर विश्व कप में अपना अभियान वापस पटरी पर लाने में सफल रहा। खिताब के प्रबल दावेदार स्पेन ने अपना पहला मैच केप वर्दे के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला था और उसे बड़ी जीत की सख्त दरकार थी। 18 वर्षीय फॉरवर्ड यामल ने दूर के पोस्ट पर स्लाइड करते हुए एक लो क्रॉस को शानदार तरीके से गोल में तब्दील कर पहला गोल दागा। इससे वह विश्व कप के इतिहास में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में आठवें नंबर पर काबिज हो गए। यामल को पहले मैच में दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतारा गया था। स्पेन की तरफ से 18 वर्षीय फॉरवर्ड यामल ने दूर के पोस्ट पर स्लाइड करते हुए एक लो क्रॉस को शानदार तरीके से गोल में तब्दील कर पहला गोल दागा। इससे वह विश्व कप के इतिहास में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में आठवें नंबर पर काबिज हो गए।

### विश्व कप में गोल करना सपना सच होने जैसा : यामल

यामल ने कहा, 'पहले मैच में वास्तव में हम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन अब हम लय में आ गए हैं और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं।' उन्होंने कहा, मैंने हमेशा विश्व कप में खेलने का सपना देखा था और शुरुआती लाइनअप में अपने पहले ही मैच में गोल करना मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है। मैंने पिछला विश्व कप क्लासरूम में बैठकर देखा था, इसलिए अपनी मां और परिवार के सामने गोल करना मेरे लिए सपना सच होने जैसा है।'

# इजिप्ट का इंतजार खत्म, दर्ज की पहली जीत, सालाह ने दागा अपना 68वां गोल



### मिस्र ने न्यूजीलैंड को 3-1 से हराया

एजेंसी ▶▶ वैंकूवर




स्टार स्ट्राइकर मोहम्मद सालाह ने सही समय पर अपना जलवा दिखाया और निर्णायक गोल किया, जिससे मिस्र ने न्यूजीलैंड को 3-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल में अपनी पहली जीत दर्ज की। सालाह ने 67वें मिनट में अपना 68वां अंतरराष्ट्रीय गोल करने के बाद मुट्ठी हवा में लहराकर जश्न मनाया, जिसके बाद उनके साथियों ने उन्हें घेर लिया। बीसी प्लेस वैंकूवर में खचाखच भरे स्टेडियम में लाल रंग की जर्सी पहने इजिप्ट के प्रशंसक इससे रोमांचित हो गए।

जब 85वें मिनट में सालाह की जगह दूसरे खिलाड़ी को उतारा गया तो दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। इस जीत के साथ मिस्र ग्रुप जी में शीर्ष पर पहुंच गया है, लेकिन अभी तक नॉकआउट राउंड में उसकी जगह पक्की नहीं हुई है। मिस्र को शुक्रवार को सिएटल में ईरान के खिलाफ निर्णायक मैच खेलना है, जिसमें उसे आगे बढ़ने के लिए कम से कम ड्रॉ जरूरत होगी। मिस्र चार साल पहले कतर में हुए विश्व कप में नहीं खेल पाया था। वह चौथी बार विश्व कप में भाग ले रहा है। सालाह ने 2018 में रूस में खेले गए विश्व कप में दो गोल किए थे।

## केप वर्दे का जादुई प्रदर्शन, अब उरुग्वे के साथ खेला ड्रॉ

### ग्रुप एच : केप वर्दे ने किया टूर्नामेंट का पहला गोल



**मियामी गार्डन्स।** अपने पहले मैच में खिताब की प्रबल दावेदार स्पेन को चौंकाने वाले केप वर्दे ने अपना जादूई प्रदर्शन जारी रखते हुए दो बार के विश्व कप चैंपियन उरुग्वे के खिलाफ भी यही कारनामा दोहराया और पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मैच 2-2 से ड्रॉ कराया। केविन पिना ने 21वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके विश्व कप में केप वर्दे का पहला गोल किया जबकि हेलियो वारेला ने 61वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। मैक्सी अराउजो (44वें) और अगस्टिन कैनोबियो (इंजरी टाइम के छठे मिनट) ने पहले हाफ के आखिर में गोल करके उरुग्वे को बढ़त दिलाई, लेकिन दूसरे हाफ में उसकी टीम मौके मिलने के बावजूद गोल करने में नाकाम रही। केप वर्दे के पास नॉक आउट चरण में जगह बनाने का सुनहरा मौका है। उसके अब ग्रुप एच में उरुग्वे के बराबर दो अंक हैं और उसे अपना अंतिम मैच सऊदी अरब के खिलाफ खेलना है। केप वर्दे अफ्रीका के पश्चिमी तट पर स्थित द्वीपों का एक समूह है, जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 4 हजार वर्ग मीटर है। उसकी आबादी लगभग 5 लाख है। इससे केप वर्दे जनसंख्या के हिसाब से विश्व कप में खेलने वाला तीसरा सबसे छोटा देश बन गया।

## ग्रुप-जी का अजीब गणित, सारे मैच ड्रॉ, चारों टीमों के 2-2 अंक

एजेंसी ▶▶ इंगलवुड

बेल्जियम ने दूसरे हाफ में अधिकतर समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद आक्रामक रवैया अपनाया लेकिन वह ईरान के गोलकीपर अलीरेजा बेइरानवंद को नहीं छका पाए, जिससे इन दोनों देशों के बीच विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप जी का मैच गोलरहित बराबरी पर छूटा।

बेल्जियम और ईरान दोनों को इस मैच में जीत की सख्त दरकार थी लेकिन इन दोनों ने अपना लगातार दूसरा मैच ड्रॉ खेला। असल में ग्रुप जी में अभी तक सभी मैच ड्रॉ रहे हैं और चारों टीम के दो-दो अंक हैं। बेल्जियम हालांकि गोल अंतर के कारण सबसे नीचे है जबकि ईरान दूसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड पहले और मिस्र तीसरे स्थान पर है।

### ईरान और बेल्जियम ने खेला ड्रा, अलीरेजा ने रोके 7 अटैक



### बेल्जियम के डिफेंडर नगोय को मिला रेड कार्ड

बेल्जियम के डिफेंडर नाथन नगोय को 66वें मिनट में लाल कार्ड मिला जब उन्होंने गेंद को पीछे की ओर गलत तरीके से किक किया और फिर ईरान के स्टार खिलाड़ी मेहदी तारेमी को गोल करने का साफ मौका मिलने से रोकने के लिए फाउल किया। ईरान इसका फायदा नहीं उठा सका। इसके विपरीत वह बेल्जियम था, जिसने मैच के अंतिम क्षणों में गोल करने की बेहतर मौके बनाए। लेकिन बेइरानवंद मजबूत दीवार की तरह खड़े रहे। उन्होंने सात बार गेंद को गोल में जाने से रोका। सोफी स्टेडियम में आए इस नतीजे से दोनों में से कोई भी टीम खुश नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### सीनियर राष्ट्रीय तैराकी में सर्वश्रेष्ठ तैराक चुने गए आर्यन और सान्वी

**अहमदाबाद।** गुजरात के आर्यन नेहरा और महाराष्ट्र की सान्वी देशवाल को 79वीं सीनियर राष्ट्रीय एक्वाटिक चैंपियनशिप में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ तैराक चुना गया। इस चैंपियनशिप में कर्नाटक 334 अंकों के साथ ओवरऑल चैंपियन बना। पुरुषों के वर्ग में आर्यन ने तीन स्वर्ण पदक और एक कांस्य पदक जीता। साथ ही उन्होंने दो राष्ट्रीय मीट रिकॉर्ड और एक सर्वश्रेष्ठ भारतीय प्रदर्शन भी दर्ज किया। सान्वी ने तीन स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीता। उन्होंने एक राष्ट्रीय मीट रिकॉर्ड और एक सर्वश्रेष्ठ भारतीय प्रदर्शन अपने नाम किया।

### राष्ट्रमंडल खेलः पिछले खेलों के मुकाबले 60 प्रतिशत कम खर्च में आयोजन की तैयारी

**लंदन।** राष्ट्रमंडल खेल के नए मेजबानी मॉडल के तहत अहमदाबाद में होने वाले 2030 राष्ट्रमंडल खेलों में 17 खेल शामिल होंगे। इन खेलों का आयोजन पिछले खेलों के मुकाबले लगभग 60 प्रतिशत कम खर्च में किया जाएगा। यह जानकारी सोमवार को सीईओ केटी सैडलियर ने दी। अगले महीने शुरू होने वाले 2026 ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन कम खर्च में करने के लिए इसे छोटा किया गया है। इसमें 10 सामान्य खेल और छह पैरा खेल शामिल होंगे। हालांकि अहमदाबाद में होने वाले 2030 खेलों का दायरा काफी बढ़ाया जाएगा।

### पूर्व चैंपियन वांद्रोसोवा चार साल के लिए निलंबित

**लंदन।** विंबलडन की पूर्व चैंपियन मार्केटा वांद्रोसोवा को सोमवार को डोपिंग रोधी परीक्षण से इनकार करने के कारण चार साल के लिए निलंबित कर दिया गया। चेक गणराज्य की इस खिलाड़ी ने कहा कि जब परीक्षण एजेंट ने बिना अपनी सही पहचान बताए देर रात उनके दरवाजे की घंटी बजाई तो उन्हें 'मानसिक तनाव' और डर महसूस हुआ। अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी ने यह घोषणा करते हुए कहा कि वांद्रोसोवा ने दिसंबर में परीक्षण कराने से इनकार कर दिया था और यह फैसला एक स्वतंत्र पंचाट ने लिया है।

### आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप

## 16 वर्षीय प्रीतम ने एयर राइफल में जीता गोल्ड

एजेंसी ▶▶ सुहल

युवा निशानेबाज प्रीतम केंद्रे ने अपने कौशल और एकाग्रता का शानदार नमूना पेश करते हुए आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।भारत ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में कांस्य पदक भी जीता, जिससे उसके पदकों की कुल संख्या 11 हो गई। इनमें पांच स्वर्ण पदक भी शामिल हैं। अपने दूसरे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग ले रहे 16 वर्षीय प्रीतम ने 8 खिलाड़ियों के फाइनल में 251.3 का स्कोर बनाकर तटस्थ खिलाड़ी टिमोफेई एलेनिकॉव और नॉर्वे के जेन्स ओस्टली को पीछे छोड़ते हुए भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। पुणे के इस



निशानेबाज ने हाल ही में अपनी कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

### मेरा पूरा ध्यान प्रत्येक शॉट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर : प्रीतम


प्रीतम ने कहा, 'मैं स्वर्ण पदक जीत कर बेहद खुश हूं। प्रतियोगिता के दौरान मेरा पूरा ध्यान अपनी तकनीक और प्रत्येक शॉट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर था। उन्होंने कहा, ' विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने से मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। मैं 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में लगातार सुधार करना चाहता हूं और देश के लिए लगातार पदक जीतना चाहता हूं।'

## आईसीसी ने प्रेग्नेंट महिला खिलाड़ियों के लिए जारी की नई गाइडलाइंस

एजेंसी ▶▶ दुबई

आईसीसी ने महिला क्रिकेटरों के लिए प्रेग्नेंसी के बाद खेल में वापसी को आसान बनाने के उद्देश्य से नई गाइडलाइन जारी की है। इस छह-स्तरीय योजना के तहत खिलाड़ियों को ट्रेनिंग, मेडिकल रिकवरी, यात्रा और बच्चों की देखभाल से जुड़ी सहायता मिलेगी।

इसके तहत महिला खिलाड़ी अब प्रेग्नेंसी के बाद आसानी से क्रिकेट के मैदान में वापसी कर सकेंगी। इसके लिए आईसीसी ने छह चरणों वाली




एक गाइडलाइन जारी की है। इससे बच्चे को जन्म देने के बाद महिला खिलाड़ियों का करियर प्रभावित नहीं होगा और उन्हें वापसी के लिए हरसंभव मदद मिलेगी।

### आईसीसी करेगी मदद

आईसीसी की गाइडलाइन के अनुसार, क्रिकेट बोर्ड खिलाड़ी के लिए एक विशेष मैनेजर नियुक्त करेगा। यह मैनेजर खिलाड़ी की हरसंभव सहायता करेगा। इसमें खिलाड़ी की ट्रेनिंग को लचीला बनाना, बच्चों की देखभाल और यात्रा में मदद करना शामिल होगा। इसके अलावा बच्चे के जन्म के बाद मेडिकल अवकाश और रिकवरी के लिए भी हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

## विंबलडन में सिंगल्स खेलेंगी सेरेना, मिला वाइल्ड कार्ड

एजेंसी ▶▶ लंदन



सेरेना विलियम्स ने तीन सप्ताह पहले घोषणा की थी कि वह चार साल के बाद पेशेवर टेनिस में वापसी कर रही हैं, लेकिन अब स्पष्ट हो गया है कि यह दिग्गज खिलाड़ी 44 साल की उम्र में विंबलडन के महिला एकल में अपना जलवा दिखाएंगी।

पिछले तीन सप्ताह से कयास लगाए जा रहे थे कि 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना विंबलडन के एकल में खेलेगी या नहीं लेकिन अब ऑल इंग्लैंड क्लब ने एक वाक्य के बयान में सब कुछ साफ कर दिया है। ऑल इंग्लैंड क्लब ने ग्रास कोर्ट पर होने वाले इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के शुरू होने से आठ दिन पहले बयान जारी करके कहा, 'सेरेना विलियम्स (अमेरिका) को महिला एकल वर्ग में अंतिम वाइल्ड कार्ड दिया गया है।' सेरेना इस तरह से विंबलडन में एकल और युगल दोनों में खेलेंगी। उन्होंने पहले ही अपनी बड़ी बहन वीनस के साथ युगल प्रतियोगिता के लिए वाइल्ड कार्ड स्वीकार कर लिया है। विंबलडन ने रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर कहा, 'यह कोई 'ड्रिल' नहीं है।'

## डच लेडीज ओपन : शीर्ष पांच में दीक्षा, अवनि और प्रणवी



एजेंसी ▶▶ एमनेस

भारतीय महिला गोल्फरों ने लेडीज यूरोपीय टूर पर अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में से एक किया जब दीक्षा डागर, अवनि प्रशांत और प्रणवी उर्स डच लेडीज ओपन में शीर्ष पांच में जगह बनाने में सफल रहीं।

दीक्षा और अवनि आठ अंडर 208 के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं जबकि प्रणवी ने सात अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से पांचवां स्थान हासिल किया। दीक्षा मौजूदा सत्र में चौथी बार शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रहीं जबकि अवनि ने लगातार दूसरे टूर्नामेंट में शीर्ष पांच में जगह बनाई। प्रणवी मौजूदा वर्ष में पहली बार शीर्ष पांच में शामिल रहीं।

### आज से यूएस ओपन

## अनुभवी और युवा जोड़ी से भारत को उम्मीदें



एजेंसी ▶▶ फुलर्टन

अनुभवी खिलाड़ी लक्ष्य सेन और उभरती हुई स्टार तन्वी शर्मा मंगलवार से शुरू होने वाले यूएस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगे। इस प्रतियोगिता के एकल में कई अन्य भारतीय खिलाड़ी भी अपना भाग्य आजमाएंगे, जिनमें पुरुष वर्ग में किदाम्बी श्रीकांत भी शामिल हैं। महिला वर्ग में कुल 7 भारतीय खिलाड़ी एकल में चुनौती पेश करेंगे।

### सेन को दी गई दूसरी वरीयता

विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज सेन को दूसरी वरीयता दी गई है और पहले दौर में उनका मुकाबला बेल्जियम के जूलियन कैरागी से होगा। श्रीकांत पुरुष एकल में अपना पहला मैच चीनी ताइपे के लियाओ झूओ-फू के खिलाफ खेलेंगे। सानीथ दयानंद जापान के चौथी वरीयता प्राप्त युदाई ओकिमोतो के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। एस शंकर मुथुसामी सुब्रमणियन ने भी मुख्य ड्रॉ में जगह बना ली है और उनका मुकाबला क्वालीफायर से होगा।

### तन्वी का पहला मुकाबला यवोन ली के खिलाफ

महिला एकल में पांचवीं वरीयता प्राप्त तन्वी शर्मा और छठी वरीयता प्राप्त देविका सिहाग अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। वे विश्व रैंकिंग में क्रमशः 32वें और 34वें स्थान पर हैं। सत्रह वर्षीय तन्वी जर्मनी की यवोन ली के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेंगी जबकि देविका का सामना पेरू की इनेस लूसिया कैस्टिलो सालाजार से होगा। विश्व रैंकिंग में 51वें स्थान पर काबिज अनमोल खरब पहले दौर में बुल्गारिया की कालोयाना नलबंतोवा से भिड़ेंगी। रक्षिता का सामना पहले दौर में क्वालीफायर से होगा।

### एफआईएच प्रो लीग : एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के बाद पहली बार होगा आमना-सामना

## जीत की लय के साथ आज पाकिस्तान के खिलाफ उतरेगी हॉकी टीम

एजेंसी ▶▶ लंदन

ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड के खिलाफ रोमांचक जीत से आत्मविश्वास से भरी भारतीय पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को एफआईएच प्रो लीग के लंदन चरण के शुरुआती मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ इसी लय को बनाए रखने की कोशिश करेगी। भारत और पाकिस्तान 2024 में चीन के हुलुनबुइर में हुए एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी मुकाबले के बाद पहली बार एक-दूसरे का सामना करेंगे। उस मैच में कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की बदौलत भारत ने 2-1 से जीत हासिल की थी। भारत ने रोटरडम में चार में से दो मैच जीते।



उन्होंने रविवार को रोटरडम चरण के आखिरी मैच में मेजबान और दुनिया की दूसरे नंबर की टीम नीदरलैंड को 3-2 से हराया। भारत को दूसरी जीत (3-1) मौजूदा विश्व चैंपियन और दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी के खिलाफ मिली।

### नीदरलैंड चरण का अनुभव बहुमूल्य

भारतीय टीम के लिए नीदरलैंड चरण का अनुभव बहुमूल्य रहा है। टीम इस टूर्नामेंट का इस्तेमाल इस साल होने वाली दो बड़ी प्रतियोगिताओं एफआईएच विश्व कप और एशियाई खेलों (जो ओलंपिक क्वालीफायर भी है) से पहले अपनी कमियों को सुधारने के लिए कर रही है 9 टीम वाली प्रो लीग तालिका में भारत अभी आठवें नंबर पर है। वे अपने अगले प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से आगे हैं, जिसने टूर्नामेंट में अब तक एक भी अंक हासिल नहीं किया है।

### महिला खिलाड़ियों ने जीता कांस्य पदक

भारत ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में अंजलि भागवत, परिशा गुप्ता और निथिला क्रिस्टोफर के संयुक्त प्रयास से कांस्य पदक जीता। इन तीनों ने कुल मिलाकर 1713 अंक बनाए। अंजलि इस स्पर्धा के व्यक्तिगत फाइनल में पहुंचने वाली एकमात्र भारतीय निशानेबाज थीं। उन्होंने 577 के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रहते हुए क्वालीफाई किया। फाइनल में हालांकि वह छठा स्थान ही हासिल कर पाई।

**शीर्ष तीन में जगह बनाने से चूके पीयूषः** प्रीतम और उनके साथी पीयूष शर्मा क्वालीफाइंग राउंड में क्रमशः 628.2 और 629.0 का स्कोर बनाकर क्रमशः तीसरे और पांचवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में पहुंचे थे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28

# द्विपक्षीय बैठकों में खनन, ऊर्जा और सुरक्षा पर बनी नई रणनीति


राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना से मिले जयशंकर

एजेंसी ▶▶ उलानबाटर


भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर सोमवार को मंगोलिया पहुंचे। उन्होंने मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना से मुलाकात की। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। जयशंकर ने कहा कि पिछले साल राष्ट्रपति उखना की यात्रा ने हमारी रणनीतिक साझेदारी को मज़बूत गति दी थी। कई क्षेत्रों में हमारे मज़बूत सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए उनके मार्गदर्शन का मैं बहुत महत्व देता हूं। मैं उनसे पूरी तरह सहमत हूं कि सबसे बड़ी दोस्ती आध्यात्मिक दोस्ती होती है। बता दें, यह यात्रा 13 अक्टूबर 2025 को मंगोलियाई राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना की भारत यात्रा के दौरान जयशंकर से मुलाकात के कुछ महीनों बाद हो रही है।

*जयशंकर ने कहा कि पिछले साल राष्ट्रपति उखना की यात्रा ने हमारी रणनीतिक साझेदारी को मज़बूत गति दी थी। कई क्षेत्रों में हमारे मज़बूत सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए उनके मार्गदर्शन का मैं बहुत महत्व देता हूं*

## क्षेत्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सहयोग को दोनों देश देंगे बढ़ावा

### भारत-मंगोलिया रिश्तों की गर्मजोशी पर जोर

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने समकक्ष बैटसेटसेग बैटमुंख के साथ मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच खनन, स्वच्छ ऊर्जा और कृषि-प्रसंस्करण में नए अवसरों को लेकर चर्चा हुई। विदेश मंत्री ने इस मुलाकात के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि उन्हें बैटमुंख से मिलकर खुशी हुई। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि हमारी बातचीत में हमारी रणनीतिक साझेदारी की गर्मजोशी, मजबूती और संभावनाएं साफ दिखाई दीं। हमने विकास परियोजनाओं, कौशल विकास, संस्कृति, शिक्षा, सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपने सहयोग की प्रगति की समीक्षा की।


मंगोलिया की विदेश मंत्री बैटसेटसेग बैटमुंख से मिले एस जयशंकर

**भारत की पहुंच पूरे यूरोपीय बाजार तक**

# दिसंबर तक होंगे हस्ताक्षर मार्च 2027 तक होगा लागू: गोयल



एजेंसी ▶▶ मुंबई

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच लंबे समय से प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर दिसंबर 2026 तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है और यह फरवरी-मार्च 2027 तक लागू हो सकता है। मुंबई में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि यह समझौता भारतीय उत्पादों को यूरोपीय बाजार में व्यापक पहुंच प्रदान करेगा और कई वस्तुओं पर शुल्क में कमी आने से भारतीय निर्यात को बड़ा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि लगभग शून्य शुल्क के साथ हमारे लिए लगभग पूरा यूरोपीय बाजार खुल जाएगा। यूरोपीय संघ के साथ एफटीए दिसंबर तक हस्ताक्षरित हो जाएगा और फरवरी-मार्च तक प्रभावी हो जाएगा।

**भारत का 93% निर्यात शुल्क मुक्त रहेगा**

*प्रस्तावित समझौते के तहत भारत के लगभग 93 प्रतिशत निर्यात को यूरोपीय संघ के बाजार में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलने की संभावना है। इससे वस्त्र, इंजीनियरिंग उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स, रत्न एवं आभूषण तथा कृषि क्षेत्र सहित कई उद्योगों को लाभ होगा।*

**माता खीर भवानी मंदिर पहुंची महबूबा मुफ्ती**

# बोलीं- पुरानी बातें भूलकर आगे बढ़ें कश्मीरी पंडितों को दी जाएं सुविधाएं

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर



जम्मू-कश्मीर के तुलमुल्ला में सोमवार को माता खीर भवानी मंदिर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती पहुंची है। यहां सालाना मेले के दौरान उन्होंने पूजा-अर्चना की। पीडीपी प्रमुख ने कहा कि हमारे कश्मीरी पंडित भाई-बहनों को यहां (माता खीर भवानी मंदिर) आते देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। उन्हें भविष्य की ओर देखना चाहिए और अतीत में जो हुआ उसे भूल जाना चाहिए। मेरा मानना है कि युवा कश्मीरी पंडित डॉक्टरों को कश्मीर आना चाहिए और यहां के लोगों से जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर सरकार को उन्हें सुविधाएं देनी चाहिए। भाईचारा बनाए रखा जाना चाहिए।

**ओपनएआई से पद छोड़ भारत लौटे अनदकट**

# कहा- देश में बनाएंगे दुनिया बदलने वाला एआई, यहां टैलेंट की कमी नहीं



**एजेंसी/नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की दुनिया की दिग्गज कंपनी ओपनएआई में काम कर चुके श्यामल अनदकट वापस भारत लौट आए हैं। श्यामल ने ओपनएआई में करीब चार साल बिताए और सैन फ्रांसिस्को के बे एरिया ऑफिस से कंपनी की एप्लाइड इवैल्स टीम का नेतृत्व किया। अनदकट ने कहा कि भारत लौटना कोई नुकसानदेह फैसला नहीं है। वे अब भारत से एआई का भविष्य तय करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि ओपनएआई में लगभग चार साल काम करने के बाद, मैं इस साल की शुरुआत में बे एरिया से भारत आ गया हूं। मेरा अभी भी यह दृढ़ विश्वास है कि सुपरइंटेलिजेंस विज्ञान को तेजी से आगे बढ़ाएगा और यह सभी के लिए फायदेमंद होगा। भारत लौटने का एक बड़ा कारण यहां के इकोसिस्टम से उनका जुड़ाव है।





| AMBALA | BAHADURGARH | BHIWANI | DABWALI | FATEHABAD | HANSI | HISAR | JHAJJAR | JIND | KAITHAL | KARNAL | KARNAL | NARNAUL | PALWAL | PANIPAT | ROHTAK | SIRSA | SONIPAT | TOHANA | YAMUNANAGAR |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| GLOBE | SATYAM | PRIDE | MALIK | MALIK | MALIK | MALIK | SATYAM | GLOBE | GLOBE | GLOBE | MYZEN | PLANET | THIRTY SIX | GLOBE | SATYAM | MALIK | SGM | MALIK | GLOBE |
| Opp Spring Field School, NH-22 | A-54 MIE Part B, Opp. Metro Pillar No. 780, Delhi - Rohtak Road | Bank Colony, Rohtak Road | Opp. Civil Hospital, Chautala Road, Dabwali | Bhuna Mor, NH-10, Hisar-Sirsa Road, Fatehabad | Near Bhai Ji Dhaba, Delhi Road, Hansi | 14.5 Mile Stone, NH-65, Chandigarh Road, Hisar | Jhajjar-Chhuchhakwas Road, Model Town | Rohtak Road, Truck Union Office, Ram Nagar, Jind | 3 km Milestone, Kaithal Ambala Road, Kaithal | Opp. P T C Madhuban, N.H-1 G T Road | 122/3, Milestone, G. T. Road | Singhana Road | Next to Omaxe City, NH-2, Delhi Mathura Road | Village Karhans, Tehsil-Samalkha | Hisar Road, Nr. Old Banger Flyover, (Beside Old Bus Stand) | Near Maharaja Palace, Dabwali Road, Sirsa | Jeewan Vihar Colony, Murthal Road, Near Aggarsain Chowk | Ratia Road, Tohana | Village Mauja Kail, Tehsil Jagadari |
| 97295 49128, 98076 80680 | 01276-224100, 82959 08030 | 92542 72625 | 90537 88801 | 85728 88830 | 90537 88831 | 99967 88827, 99967 88829 | 82959 08030 | 97295 49128, 98076 80680 | 97295 49128, 98076 80680 | 97295 49128, 98076 80680 | 70829 02701, 70829 02706 | 70566 62502, 70566 62503, 70566 62504 | 81999 00186, 81999 00187 | 97295 49128, 98076 80680 | 01262-243400, 88130 88123 | 85728 88801, 85728 88880, 85728 88881 | 70150 21000, 70150 31000 | 99967 88839 | 97295 49128, 98076 80680 |

TSPARSH NEW & USED CAR TOUCH POINT

GLOBE TOYOTA : NARAINGARH (Kala Amb Road)- 9729549120, NARWANA (Opp. Nehru Park Bus Stand Road)- 9254985288, MALIK TOYOTA : ELLENABAD (Sirsa Road)- 9053788872, NARNAUND (Jind Road)- 9996788825, PRIDE TOYOTA : CHARKHI DADRI (Loharu Road)- 92542 72625, SATYAM TOYOTA : SAMPLA (Delhi-Rohtak Corridor), BERI (Beri-Jhajjar Road), MEHAM (Meham-Rohtak Road)- 8813088123, SGM TOYOTA: GOHANA (Near Raj Dharam Kanta)- 7015021000, 7015031000, KHARKHODA (Near Kisan Hospital)- 7015021000, 7015031000, THIRTY SIX TOYOTA: HODAL (Main Market)- 8199900183, HATHIN (Raja Ji Market)- 7988274475, TIGAON (Bhuapur)- 8800790130, BALLABGARH (Near Escorts Mujesar)- 8800790081

*Terms & conditions apply on all schemes & offers. Offer valid till 30th June 2026. The Aero Edition kit is an accessory package to be fitted by authorized dealers based on customer preference and at additional cost. Fuel efficiency as certified by Test Agency under rule 115 of CMVR, 1989 under standard test conditions. Actual mileage on road may vary. Finance at the sole discretion of Financier. Scheme inclusive of Exchange and Corporate/Government/Exclusive Community/Extended Warranty/Other Benefits. Scheme applicable on select stocks & variants. Exchange Benefits applicable at U Trust locations only. Creative visualization. Digitally created visual. Picture of vehicle was not taken while driving. Accessories shown may not be part of standard equipment.




10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | Flipkart | amazon.in

*नियम और शर्तें लागू. ऑफ़र 30 जून 2026 तक मान्य है. पल्सर N160 USD सिंगल सीट वैरिएंट पर दिए गए ई-कॉम ऑफ़र्स, संबंधित ई-कॉम पार्टनर की शर्तों के अधीन हैं. ई-कॉम ऑफ़र्स हर पार्टनर के अनुसार परिवर्तित हो सकते हैं. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Gohana: Mahadev BAJAJ 8222949408 • Panipat: SUVIDHA BAJAJ GT Road : 9812058111, 9812500103 MAHADEV BAJAJ, Jagjivan Ram Colony, Gohana Road 9138555376 • Kaithal: Shikha BAJAJ 9812392111/9812397111• Assandh: BALHARA BAJAJ 8059940113, 8059940114 • Rohtak: ANSH BAJAJ 9254211102 • Jhajjar: ANSH BAJAJ 7015152566: ANSH BAJAJ 9254211104 • Bahadurgarh: BABA BAJAJ 9215455501/03 • Faridabad: NIT,Railway Road:- GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 Old Faridabad Chowk 80764 05186; Bata Chowk 9873660066 ,Neharpar/ Kheri 9958273030, Pyali Chowk/Dabua - 99582 82112 • Gurgaon: JSB Bajaj :New Rly. Road: 7827786356; Sector 14 : 8882212365; Chakarpur: 8860099986; Manesar 7827786362: Pataudi 7827786354; ; Khandsa Road: 9355979205, Islampur : 9355979216; Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basal: 9218039153; Badshahpur: 9218039152; Wazirabad: 9355908530; Sec 18: 8860099943; Rewari: JSB Bajaj: Rewari - Delhi Rd 8295823621/9024761376 Nuh: Near bus Stand : Vidya Bajaj: 9350961708, 9350963537, 9485900072 • Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153;. Ambala City: GOYAL BAJAJ 9781111000• Ambala Cantt: Goyal Bajaj 9053016401 • KARNAL: VEER BAJAJ 7419646451• KURUKSHETRA: VEER BAJAJ 7419646472• Pehowa: RAJINDERA BAJAJ 9729670800• Jagadhri: KRISHNA BAJAJ 9812580711,9812589011 • Yamuna Nagar: KRISHNA BAJAJ 8059900787 • Panchkula: PANCHKULA BAJAJ 9115520031, 0172 - 5064356. • Hansi: BALHARA BAJAJ: 9468244600, 9416265833 • Sirsa: RAJA BAJAJ 9996027379 • Bhiwani: SHREE SHYAM BAJAJ 9518801045 • Charki Dadri: BALHARA BAJAJ 7419977199, 9813201900 • Fatehabad: FATEHABAD BAJAJ 9017688012, 972869006 • Jind: BANSAL BAJAJ 9138215480 • Narnaul: RR BAJAJ 9466320249 • Ballabgarh: ARORA BAJAJ BALLABGARH: 7503000974/75 GAUNCHHI: 9069111729 VILL. TIGAON: 9873000517 •Palwal: VIDYA BAJAJ 9416636037, 9485900036, 9315332830.